RNI : PBHIN/25/A4135

साप्ताहिक



झूठा और धोखेबाज है वह...6

# सत्ता संदेश



सीएम मान ने केजरीवाल-सिसोदिया...8

सम्पादक : जितेंद्र कुमार Website : www.sattasandesh.com You Tube : @sattasandesh25 • satta sandesh • THE POWER OF PRINT...

वर्ष : 2 अंक : 9 2 मार्च, 2026 मूल्य रु : 5 पृष्ठ : 8 Email : sattasandesh25@gmail.com LDM/0010/2025-26

## न्यूज़ ब्रीफ

### अमृतसर एयरपोर्ट से कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें बंद

**अमृतसर/सत्ता संदेश**

ईरान-इजरायल युद्ध का भारत की अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइटों पर भी काफी असर पड़ा है। अमृतसर के अंतर्राष्ट्रीय श्री गुरु रामदास जी हवाई अड्डे से एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रैस, स्पाइसजेट व अन्य कुछ विमानन कंपनियों की भी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें बंद रहीं जिसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पता चला है कि इंडिगो एयरलाइंस की अमृतसर-शारजाह की उड़ान, एयर इंडिया एक्सप्रैस की अमृतसर-दुबई उड़ान व कतर एयरवेज की दोहा अमृतसर उड़ान रद्द करनी पड़ी।

### नागपुर के विस्फोटक कारखाने में भीषण धमाका, 15 मजदूरों की दर्दनाक मौत

**नागपुर/सत्ता संदेश**

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में हुए धमाके में रविवार को कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी। वहीं, 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव स्थित खनन और औद्योगिक कार्यों के लिए विस्फोटक पदार्थ बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दोस्तों को रौंदा

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

गांव जसपाल बांगर के पास एक भीषण सड़क हादसा होने का समाचार प्राप्त हुआ है, जिसमें एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से वाहन समेत फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने मृतक के भाई अर्जुन कुमार के बयानों के आधार पर ड्राइवर करम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे काबू कर लिया है। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि बीती 25 फरवरी को उसका भाई सुरजीत अपने • शेष पृष्ठ 9 पर

### पंजाब में पड़ेगी भीषण गर्मी! टूटा 14 सालों का रिकॉर्ड

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब और चंडीगढ़ में इस बार फरवरी का महीना पिछले 15 वर्षों में दूसरा ऐसा महीना रहा, जिसमें सबसे कम बारिश दर्ज की गई है। 2023 के बाद समाप्त हुई फरवरी में सामान्य से 95 फीसदी कम, केवल 1.7 मिलीमीटर बारिश हुई। इसी दौरान महीने के आखिरी दिन शनिवार को इस महीने का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछले 14 वर्षों में फरवरी का चौथा सबसे गर्म दिन था। मौसम के इस गर्म मिजाज के बीच रविवार से शुरू हो रहे मार्च महीने में ही अप्रैल जैसी गर्मी पड़ने की चेतावनी ने चिंताएं बढ़ा दी हैं।

# ईरान का यूएई पर बड़ा हमला : 137 मिसाइलें व 209 ड्रोन दागे ! यूएई ने भी की बड़ी जवाबी कार्रवाई

**वाशिंगटन/सत्ता संदेश**

ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने शनिवार रात को इजराइल और अमेरिका के हमलों के जवाब में दागी गई कई ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को इंटरसेप्ट किया। यूएई के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश की वायु सेना और वायु रक्षा बलों ने 137 बैलिस्टिक मिसाइलों और 209 ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया। इसे वायु रक्षा प्रणालियों की उच्च तत्परता का प्रमाण बताया गया।



**देशभर में 'गुप्त अलर्ट'**

संभावित मिसाइल हमलों को देखते हुए यूएई में 'गुप्त अलर्ट' जारी किए गए।

एयरपोर्ट और प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इन हमलों ने खाड़ी क्षेत्र में व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका को और गहरा कर दिया है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ता सैन्य टकराव अब खाड़ी देशों को भी सीधे प्रभावित कर रहा है। यूएई पर हुए हमलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह संघर्ष सीमित नहीं रह सकता। स्थिति पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं।

**जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला**

अबू धाबी स्थित Zayed International Airport को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हुए। शनिवार रात हुए इन हमलों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। कई इलाकों में सायरन बजे और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए।

**जेबेल अली बंदरगाह पर आग**

इंटरसेप्ट की गई मिसाइलों के मलबे के कारण Port of Jebel Ali के एक बर्थ पर आग लग गई। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। दुबई सिविल डिफेंस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग को नियंत्रित कर लिया।

**दुबई भी निशाने पर**

दुबई का Dubai International Airport (DXB) भी हमलों की चपेट में आया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत सक्रिय कर दिए गए और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। प्रतिष्ठित होटल Burj Al Arab में ड्रोन के छर्रों से आग लग गई, जिसे बाद में काबू में कर लिया गया। दुबई सरकार के मीडिया कार्यालय के अनुसार, चार घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता दी गई है।

बरनाला में रैली को किया संबोधित

# काम टीम वर्क से होता है, कोई अकेला खिलाड़ी खेल नहीं जिता सकता : राहुल गांधी

**बरनाला/सत्ता संदेश**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अपने पंजाब दौरे के दौरान राज्य की पूरी लीडरशिप को सीधी चेतावनी दे दी। बरनाला में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने सभी नेताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की और गड़बड़ी करने वालों को सख्त चेतावनी भी दी। राहुल गांधी ने कहा कि काम टीम वर्क से होता है, कोई अकेला खिलाड़ी खेल नहीं जिता सकता। इसलिए सभी को टीम प्लेयर बनना होगा, नहीं तो रिजर्व में बैठा दिया जाएगा, चाहे कोई कितना भी बड़ा नेता क्यों न हो। उन्होंने कहा कि नेता चाहे कितना भी बड़ा हो, पार्टी से बड़ा कोई नहीं होता। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही उसकी असली ताकत हैं और पंजाब में जो भी होगा, कार्यकर्ताओं की भागीदारी से ही होगा। अपने संबोधन में राहुल गांधी • शेष पृष्ठ 9 पर



**'भाजपा और आप एक ही सिक्के के दो पहलू'**

कांग्रेस पार्टी की ओर से बरनाला की अनाज मंडी में आयोजित मनरेगा मजदूर और किसान बचाओ रैली में उस समय राजनीतिक पारा पूरी तरह गरम हो गया, विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने केंद्र की भाजपा और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखे हमले किए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की खास मौजूदगी में हुई इस रैली के दौरान खैहरा ने पंजाब के मौजूदा हालात पर गहरी चिंता जताई।

**पंजाब दो तानाशाही सरकारों का शिकार है**

रैली को संबोधित करते हुए सुखपाल सिंह खैहरा ने कहा कि पंजाब इस समय दो तानाशाही सरकारों की चक्की में पिस रहा है। एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार है, जिसने इंटरनेशनल दबाव में अमेरिका के सामने घुटने टेककर भारतीय किसानों के हक बेच दिए • शेष पृष्ठ 9 पर

# हरियाणा में विधायकों को मिलेंगे डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपये, सैनी ने प्री बजट बैठक से पहले दिया तोहफा

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्री बजट बैठक से पहले सभी विधायकों को तोहफा दिया है। विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य पर खर्च करने के लिए जल्द डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके लिए सरकार ने सभी विधायकों से विकास कार्यों की सूची मांग ली है। सरकार ने अनुरोध किया है कि सभी विधायक विकास कार्यों की प्राथमिकता सूची बनाकर विकास एवं पंचायत विभाग को जल्द से जल्द दें ताकि आवश्यक



कार्यवाही शुरू की जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साल 2025-26 के बजट में हर विधायक को अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये की • शेष पृष्ठ 9 पर

पत्रकारिता के 'अर्जुन' को भावभीनी श्रद्धांजलि

# सत्य, साहस और संवेदनशीलता की एक युगांतकारी आवाज़

**जालंधर/सत्ता संदेश**

पत्रकारिता और साहित्य जगत ने आज एक ऐसी शख्सियत को खो दिया, जिसकी भरपाई संभव नहीं। वरिष्ठ पत्रकार, उपन्यासकार और कहानीकार अर्जुन शर्मा अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन की खबर ने पूरे शहर और मीडिया जगत को गहरे शोक में डुबो दिया है। अर्जुन शर्मा केवल समाचार लिखने वाले पत्रकार नहीं थे, बल्कि वे समाज की नब्ज़ पहचानने वाले संवेदनशील लेखक थे। उनकी



लेखनी में सच्चाई की दृढ़ता और मानवीय मूल्यों की चमक दिखाई देती थी। उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही, सामाजिक असमानताओं और आम • शेष पृष्ठ 9 पर

**सत्ता संदेश परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि**

सत्ता संदेश परिवार, स्वर्गीय अर्जुन शर्मा जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उनकी लेखनी और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा बने रहेंगे। अर्जुन शर्मा भले ही • शेष पृष्ठ 9 पर

# मोगा-बरनाला बाईपास पर हुआ दर्दनाक हादसा, पटवारी की मौत

**मोगा/सत्ता संदेश**

मोगा-बरनाला बाईपास पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक पटवारी की मौत हो जाने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। मृतक की पहचान अनीश कुमार गोयल के रूप में हुई है, जो बधनी कलां हलके के गांव मीनियां में पटवारी के पद पर तैनात थे। हादसा तब हुआ जब वह शुक्रवार देर रात मोगा के पास एक समारोह में शामिल होने के बाद अपनी आई10 कार से बरनाला लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार जब उनकी कार निहाल सिंह वाला



के पास पहुंची तो अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे एक साइनबोर्ड के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि अनीश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों से • शेष पृष्ठ 9 पर

# नौजवान रणजीत के एनकाउंटर पर बोले जत्थेदार गढ़गज, होनी चाहिए निष्पक्ष जांच

**अमृतसर/सत्ता संदेश**

नौजवान रणजीत सिंह के कथित एनकाउंटर को लेकर मामला लगातार गरमाता जा रहा है। इसी बीच श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज का बयान सामने आया है। बता दें कि, सरहदी इलाके दुरांगला के गांव आदियां में पुलिस चौकी पर हुए हमले में 2 पुलिस कर्मियों की हत्या के मामले के बाद पुलिस ने एनकाउंटर में युवक रणजीत सिंह को मार गिराया। जत्थेदार गढ़गज ने कहा



पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और गहराई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए और सच्चाई सामने लाना जरूरी है। जत्थेदार गढ़गज ने कहा कि राज्य में कानून का राज होना चाहिए, न कि पुलिस का। उन्होंने कहा कि किसी को भी इस तरह मारना गलत है- चाहे कोई पुलिसकर्मी किसी नागरिक को मारे या फिर कोई नागरिक पुलिस कर्मी को मारे। हर मामले का फैसला अदालत में होना चाहिए और कानून के तहत ही कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं आपको बता दें कि, इस एनकाउंटर को लेकर युवक के परिवार का बयान भी सामने आ चुका है। • शेष पृष्ठ 9 पर

### बेलगाम दौड़ रहे टिप्पर ने युवक को कुचला

**गढ़शंकर/सत्ता संदेश**

आज देर शाम करीब 9 बजे गढ़शंकर के बीत क्षेत्र में गांव कोकोवाल के पास सड़क पर एक टिप्पर दुर्घटना में 42 वर्षीय पूर्व सैनिक की मौत हो जाने का समाचार है। इस बारे में जानकारी देते हुए समाज सेवी अजायब बोपाराय ने बताया कि हमारे गांव गढ़ी मानसोवाल के पूर्व सैनिक काबल सिंह की टिप्पर की चपेट में आने से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वह सुबह घटना स्थल पर जाकर बाकी जानकारी सांझा करेंगे। गौरतलब है कि 25 फरवरी को इसी क्षेत्र • शेष पृष्ठ 9 पर

# योगी सरकार का होली धमाका और 47 हजार को तगड़ा झटका

**लखनऊ/सत्ता संदेश**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने होली के त्योहार को देखते हुए राज्य के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी खुशखबरी दी है। सरकार ने आदेश दिया है कि फरवरी 2026 का वेतन और पेंशन निर्धारित समय से पहले यानी 28 फरवरी को ही जारी कर दिया जाए। हालांकि, इस खुशी के बीच करीब 46,816 अधिकारी और कर्मचारी ऐसे हैं जिनकी होली फीकी पड़ सकती है, क्योंकि विभाग ने उनका वेतन रोकने



का सख्त निर्देश दिया है।

**क्यों रोका गया 47 हजार कर्मचारियों का वेतन?**

मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से जारी आदेश के अनुसार, जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अब तक अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है, उनका वेतन रोक दिया गया है। सभी कर्मचारियों को 31 जनवरी तक अपनी संपत्ति की जानकारी देनी थी। बार-बार चेतावनी के बावजूद करीब 47 हजार कर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इन कर्मचारियों को ना तो जनवरी का वेतन मिला है और ना ही फरवरी का वेतन जारी किया जाएगा। सरकार ने इन • शेष पृष्ठ 9 पर

# 10वीं बोर्ड परीक्षा दौरान छात्रा ने दिया स्कूल वॉशरूम में बच्चे को जन्म

**मध्य प्रदेश/सत्ता संदेश**

मध्य प्रदेश के धार जिले में 10वीं बोर्ड परीक्षा दे रही 17 वर्षीय छात्रा ने एक निजी स्कूल के वॉशरूम में एक बच्चे को जन्म दिया। इस घटना से यौन उत्पीडन का मामला उजागर हुआ है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर ने बताया कि यह घटना पिथमपुर कस्बे के एक निजी स्कूल में हुई, जहां छात्र गणित की परीक्षा दे रहे थे। परीक्षा शुरू होने के करीब दो घंटे बाद एक छात्रा ने पेट में तेज दर्द की शिकायत की और वॉशरूम जाने की अनुमति मांगी। काफी देर तक वापस न लौटने पर परीक्षकों ने वॉशरूम की जांच की। वहां उन्हें नवजात बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। महिला स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा और छात्रा व नवजात को 108 एंबुलेंस के जरिए सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. प्रशांत काजावे ने बताया कि मां और बच्चा दोनों की हालत स्थिर है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्रा 34 सप्ताह (लगभग आठ • शेष पृष्ठ 9 पर

# प्रेमिका का अश्लील वीडियो बनाकर दोस्तों के साथ संबंध बनाने को कहा

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

सोशल मीडिया पर उपजी एक दोस्ती किस कदर खौफनाक मोड़ ले सकती है, इसकी एक दिल दहला देने वाली घटना नालंदा से सामने आई है। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद एक युवती को उसके ही प्रेमी ने ब्लैकमेलिंग के जाल में फंसाकर दरिंदगी का शिकार बनाने की कोशिश की। विरोध करने पर प्रेमी और उसके साथियों ने युवती पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता रजौली थाना क्षेत्र की रहने वाली है। करीब आठ महीने पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी

**■ इंकार किया तो सुनसान जगह ले जाकर कर दिया घटना को अंजाम**



पहचान अकबरपुर के देवरा गांव निवासी छोटू यादव से हुई थी, जो धीरे-धीरे प्रेम प्रसंग में बदल गई। युवती के अनुसार, 12 फरवरी को मुलाकात के दौरान आरोपी ने चुपके से उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और उसके जरिए उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। गत 24 फरवरी की शाम आरोपी ने झांसा देकर युवती को मिलने बुलाया और उसे नवादा स्थित एक सुनसान इलाके में ले गया, जहां उसके अन्य साथी पहले से मौजूद थे। युवती ने आरोप लगाया कि उन सभी ने उसके साथ जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया। जब उसने इसका पुरजोर विरोध किया, तो आक्रोशित प्रेमी और उसके • शेष पृष्ठ 9 पर

**पुलिस की कार्रवाई और जांच**

परिजनों ने लहूलुहान अवस्था में युवती को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे पावापुरी रेफर कर दिया गया। फिलहाल पीड़िता का इलाज चल रहा है। रजौली थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता और उसके परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मुख्य आरोपी छोटू यादव सहित उसके फरार साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मशहूर पंजाबी सिंगर जैजी बी श्री दरबार साहिब हुए नतमस्तक

**अमृतसर/सत्ता संदेश**

मशहूर पंजाबी सिंगर जैजी बी देर रात श्री दरबार साहिब नतमस्तक होने पहुंचे। जानकारी के अनुसार वह रात करीब 1 बजे वहां पहुंचे और लगभग एक घंटे से अधिक समय तक गुरुद्वारा परिसर में रहे। इस दौरान उन्होंने अरदास की। उन्होंने सादगी बनाए रखते हुए दर्शन किए और बाद में वहां से रवाना हो गए।



# प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों से सुधारों पर अपना एजेंडा पेश करने को कहा

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुधारों को लेकर महत्वाकांक्षी एजेंडा सामने रखते हुए अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से कहा है कि वे अपने-अपने मंत्रालयों में आने वाले वर्षों में किए जाने वाले सुधारात्मक कदमों पर विस्तृत नोट तैयार करें। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यह कवायद सरकार के सुधारों पर केंद्रित %रिफॉर्म एक्सप्रेस' एजेंडा का हिस्सा है जिसके तहत प्रक्रियाओं को सरल बनाना, कारोबारी सुगमता में सुधार करना और प्रौद्योगिकी-आधारित शासन का दायरा बढ़ाना लक्ष्य है। मंत्रियों से कहा गया है कि वे यह नोट स्वयं तैयार करें और केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उसे पेश कर अपने मंत्रालय की गतिविधियों और सुधार दृष्टिकोण की जानकारी दें। सूत्रों के मुताबिक, • शेष पृष्ठ 9 पर



# जगदीप धनखड़ ने इस्तीफे के 7 महीने बाद तोड़ी चुप्पी

**जयपुर/सत्ता संदेश**

गत 21 जुलाई, 2025 को जब जगदीप धनखड़ ने अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया, तो पूरे देश में अटकलों का बाजार गर्म हो गया था। राहुल गांधी ने इसे बड़ी कहानी' बताया था, लेकिन अब खुद धनखड़ ने राजस्थान के चूरू में चुप्पी तोड़ते हुए असली वजह साफ कर दी है। कस्वां परिवार की मेजबानी में धनखड़ ने जो कहा, उसने विरोधियों के पुराने सवालों को नया मोड़ दे दिया है। अपने गृह जिले चूरू में एक छोटी सभा को संबोधित करते हुए धनखड़ ने स्पष्ट किया कि उन्होंने खराब स्वास्थ्य के चलते इस्तीफा नहीं • शेष पृष्ठ 9 पर

**■ मैंने कभी नहीं कहा, मैं बीमार हूं...**



**दाढ़ी वाले से लगता है डर**

संबोधन के दौरान जब धनखड़ अपने और राम सिंह कस्वां के पुराने रिश्तों का जिक्र कर रहे थे, तभी उन्होंने मजाकिया अंदाज चूटकर लेते हुए कहा कि मुझे %दाढ़ी वाले% से डर लगता है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसके अलग-अलग अर्थ लगाए जा रहे हैं। कुछ इसे राहुल गांधी से जोड़कर देख रहे हैं तो कुछ इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी जोड़कर देख रहे हैं।

**क्या कहा था राहुल गांधी ने?**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे और उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए थे। राहुल ने उस समय कहा था कि उन्होंने (जगदीप ने) इस्तीफा क्यों दिया, इसके पीछे एक बड़ी कहानी है। आप में से कुछ लोग इसे जानते होंगे, कुछ नहीं, लेकिन इसके पीछे एक कहानी जरूर है। और फिर यह भी एक कहानी है कि वह छिप क्यों रहे हैं।

# तीन महीने बाद प्रेमी की दरिंदगी का पर्दाफाश, जंगल में दफन था प्यार

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

बिहार में एक दिल दहला देने वाली मर्डर मिस्ट्री का खुलासा हुआ है। रोहतास से तीन महीने पहले लापता हुई इंटरमीडिएट की छात्रा शिवानी कुमारी की हत्या कर दी गई है। उसका शव घर से 430 किलोमीटर दूर बांका के घने जंगलों में 10 फुट गहरे गड्ढे से बरामद किया गया। इस सनसनीखेज वारदात को किसी और ने नहीं, बल्कि उसके प्रेमी प्रिंस कुमार ने अंजाम दिया, जो पेशे से वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड है।

**■ मोबाइल लोकेशन के आधार पर घर से 430 कि.मी. दूर मिला शिवानी का कंकाल**

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि शिवानी और प्रिंस पिछले एक साल से प्रेम प्रसंग में थे। प्रिंस के रोहतास स्थित रिश्तेदारों के माध्यम से दोनों की मुलाकात हुई थी। शिवानी लगातार प्रिंस पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, जिसे प्रिंस टाल रहा था। छात्रा के बढ़ते दबाव से छुटकारा पाने • शेष पृष्ठ 9 पर

## न्यूज़ ब्रीफ

### 24 घंटे मिलेगी बिजली, सरकार ने लिया बड़ा फैसला

चंडीगढ़/सत्ता संदेश
हरियाणा सरकार ने ढाणी की परिभाषा बदल दी है। इससे लोगों की सहुलियत बढ़ गई है। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया, पूर्व में सरकार की नीति के अनुसार 11 घरों को एक ढाणी यानी डेरा माना जाता था, अब जहां 11 सदस्य निवास कर रहे हैं उसे डेरा या ढाणी के रूप में मान्यता दी जा रही है।
उन्होंने सदन को यह भी अवगत कराया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनप्रतिनिधियों की मांग को स्वीकार करते हुए बड़ा निर्णय लिया है।

### रोहतक शूगर मिल का चीफ कैमिस्ट रिश्वत लेता गिरफ्तार

रोहतक/सत्ता संदेश
जिले के गांव भाली आनंदपुर में स्थित हरियाणा सहकारी शूगर मिल के चीफ कैमिस्ट मनोज कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते हुए गिर तार किया है। बताया जा रहा है कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को उत्तर प्रदेश निवासी रणजीत सिंह ने शिकायत दी कि शूगर मिल भाली आनंदपुर के चीफ कैमिस्ट मनोज कुमार उससे फर्म के बिल की पेमैंट करने, तैयार की -गई चीनी की गुणवत्ता को अनुकूल दर्शाने और फर्म के प्रदर्शन को बेहतर दिखाने के बदले अढ़ाई लाख रुपए रिश्वत मांग रहा है।

### 74 वर्षीय कुरुक्षेत्र के डॉक्टर ने पूरी की अपनी 340वीं मैराथन

कुरुक्षेत्र/सत्ता संदेश
यदि व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत रहे तो उम्र केवल एक सं या बनकर रह जाती है। अपने फिटनैस मंत्र को सांझा करते हुए डॉ. सेठी ने कहा कि वे अनुशासित जीवनशैली अपनाते हैं, प्रतिदिन 7-9 घंटे की नींद लेते हैं, जंक फूड और शराब से परहेज करते हैं तथा शाकाहारी भोजन करते हैं। जीवन में 20 से अधिक फैक्चर झेलने के बावजूद आज भी मैराथन दौड़ रहे हैं और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। 74 वर्ष की आयु में कुरुक्षेत्र के डा. सोम नाथ ने अपनी 340वीं मैराथन पूरी कर उम्र की सीमाओं को चुनौती दी।

# 590 करोड़ रुपए के आईडीएफसी बैंक घोटाले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई; मैनेजर समेत 4 गिरफ्तार

पंचकूला/सत्ता संदेश
हरियाणा के बहुचर्चित ढ्ढष्ठस्नष्ट बैंक घोटाले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी सफलता हासिल की है। आज पंचकूला स्थित मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ACB के DGP अरशिंदर सिंह चावला ने मामले की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस घोटाले में बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई थी, जिसके मुख्य आरोपियों को अब गिर तार कर लिया गया है।

कैसे हुआ घोटाले का खुलासा?

ष्ठत्रक्क चावला के अनुसार, 23 फरवरी को विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से एक पत्र मिला था, जिसमें सरकारी फंड में गबन की आशंका जताई गई थी। विभाग को अपनी ऑडिट के दौरान खातों में गड़बड़ी मिली थी। इसके तुरंत बाद ACB ने मुकदमा नंबर 4 दर्ज कर जांच तेज कर दी।

जांच के बाद पुलिस ने चार लोगों को राउंड अप किया है, जिन्हें



आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। रिभव ऋषि जो कि IDFC बैंक का मैनेजर (साजिश का मास्टरमाइंड), अभय जो ष्ठस्नष्ट बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर (मुख्य सहयोगी) और स्वाति सिंघला जो आरोपी अभय की पत्नी और एक निजी कंपनी की मालिक है। अभिषेक जो स्वाति का भाई, जिसे साजिश में मदद करने के आरोप में पकड़ा गया है।

जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने एक सुनियोजित योजना के तहत सरकारी पैसा निजी खातों में डायवर्ट किया था।लगभग 300 करोड़ रुपये स्वाति सिंघला की कंपनी स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट के खाते में भेजे गए थे। कुछ राशि AU स्मॉल फाइनेंस बैंक के खातों में भी ट्रांसफर की गई थी।घोटाले में फर्जी चेक और पूर्व अधिकारियों (द्गस्- डी.के. बहरा) के फर्जी हस्ताक्षरों का उपयोग करने की बात भी सामने आ रही है।

**पूरा पैसा वापस मिला**

DGP ने स्पष्ट किया कि सरकार की सतर्कता और ष्ठक्क के दबाव के चलते IDFC बैंक ने सारा पैसा (ब्याज सहित) हरियाणा सरकार को लौटा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी विधानसभा में पुष्टि की थी कि लगभग 583 करोड़ रुपये की रिकवरी हो चुकी है, जिससे सरकारी खजाने को कोई नुकसान नहीं हुआ है। ÷यह एक गंभीर वित्तीय अपराध था जिसमें बैंक के अंदरूनी लोगों ने बाहरी लोगों के साथ मिलकर सरकारी धन को हड़पने की कोशिश की। हमने मुख्य आरोपियों को गिर तार कर लिया है और जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है ताकि इस नेटवर्क के अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।

# पुलिस अधिकारियों के सामने फूट-फूटकर रोए बिट्टू बजरंगी

फरीदाबाद/सत्ता संदेश
फरीदाबाद- गौरक्षा दल से जुड़े बिट्टू बजरंगी इन दिनों लगातार सुर्खियों में है शादी मनाने गए बिट्टू बिना दुल्हन के वापस लौटे थे और ठगी का शिकार भी हो गए थे अब उनका एक नया वीडियो वायरल हो रहा है जब वह न्याय की गुहार लगने के लिए पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पहुंचे वहां बिट्टू बजरंगी फूट-फूट कर रोता हुआ दिखाई दिया जिसमें वह कह रहा है कि बच्चों के आगे सब कमजोर पड़ जाते हैं।

थाना प्रभारी ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि बिट्टू बजरंगी द्वारा 19 फरवरी को थाने में आकर विवाह के नाम पर हुई धोखाधड़ी के मामले में शिकायत दर्ज करवाने के लिए आए थे उच्च अधिकारियों से बातचीत कर उनकी शिकायत दर्ज कर ली गई थी और जांच शुरू कर दी गई थी। बिट्टू बजरंगी दोबारा आरोप लगाया गया है कि जो उन्होंने शिकायत के साथ एविडेंस के तौर पर फोटो और ऑडियो दी है तो उसमें से कोई भी फोटो और ऑडियो लीक नहीं हुई है।

ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि बिट्टू बजरंगी द्वारा दो फोटो दी गई है उनमें



से कोई भी फोटो वायरल नहीं है। सोशल मीडिया पर जो वायरल हो रहा है लड़की के साथ बैठे हुए की सिर्फ वह वायरल हो रहा है और उसकी कोई ऑडियो है जिसमें वह लड़की से बातचीत कर रहा है वह वायरल हुई है। हमारी तरफ से कोई भी ऐसी चीज वायरल नहीं है और ना ही एविडेंस बिट्टू बजरंगी द्वारा कोई ऑडियो दी गई है। उन्होंने कहा कि जिस हॉस्पिटल का बिट्टू बजरंगी नाम लेकर बता रहे हैं कि वह हॉस्पिटल मेरा है, लेकिन वह हॉस्पिटल मेरा नहीं है वह हॉस्पिटल मेरे बच्चों का है और बच्चे परिवार से अलग रहते हैं। उस अस्पताल से मेरा कोई लेन देन नहीं है और बिट्टू बजरंगी द्वारा जो यह बताया जा रहा है कि उनका पड़ोसी उस अस्पताल में काम करता है तो वह वहां पर कोई काम नहीं करता। उसे काफी समय पहले निकाल दिया गया है। उन्हें जो शिकायत दी थी, उसे शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि दोनों पक्षों को नोटिस दिया गया है और थाने में बुलाया गया है। थाने में आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे आगे वैसी कार्रवाई करेंगे। वहीं मंगलवार को बिट्टू बजरंगी अपने समर्थकों के साथ फरीदाबाद के पुलिस उपायुक्त ऑफिस में पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस उपायुक्त के नाम ज्ञापन दिया।

# 14 फरवरी को घर से निकला था पेंटर, अब नहर से बरामद हुआ शव

कुरुक्षेत्र/सत्ता संदेश
हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के इस्माईलाबाद क्षेत्र से लापता हुए 26 वर्षीय युवक का शव नरवाना ब्रांच भाखड़ा नहर के बटेडा हेड से बरामद होने से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान विजय कुमार निवासी गांव डल्ला माजरा के रूप में हुई है, जो रंग-रोगन (पेंटिंग) का काम करता था।

परिजनों के अनुसार विजय 14 फरवरी की सुबह करीब 7.30 बजे घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। करीब दो घंटे बाद उसके कपड़े डल्ला माजरा नहर किनारे संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले। कपड़ों की पहचान उसके पिता राजकुमार ने की, जिसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नहर में तलाश अभियान शुरू किया गया।

**नहर में कूदने या हादसे की आशंका** : पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में नहर में गिरने या छलांग लगाने की दोनों हीआशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। पिछले कई दिनों से परिजन व पुलिस गोताखोर नहर किनारे डेरा डाले हुए थे, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया था।

**बटेडा हेड पर बहता मिला शव** : शुक्रवार देर शाम बटेडा हेड के पास परिजनों को नहर में एक शव बहता दिखाई दिया। तुरंत पुलिस और गोताखोरों को सूचना दी गई। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों से पर्दा उठ सकेगा। घटना से गांव डल्ला माजरा में मातम पसरा हुआ है।

# हरियाणा के बेटे ने इंडोनेशिया में जमाई धाक, गोल्ड मेडल जीत बढ़ाया देश का मान

बराड़ा/सत्ता संदेश
मुलाना के गांव नहोनी के युवा खिलाड़ी आर्यन ने इंडोनेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। भारत लौटने पर आर्यन का भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर आर्यन को लेने पहुंचे परिजनों व रिश्तेदारों ने ढोल बजाकर और हार पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद श्री गुरु रविदास धर्म स्थान सिरसगढ़ पहुंचकर आर्यन ने माथा टेका, जहां संत मनदीप दास जी ने फूलमाला और सिरोपा भेंट कर आशीर्वाद दिया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साहा चौक पर गाड़ियों और मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ आर्यन का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद आर्यन के पैतृक नाहोनी गांव और बाजार में विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी सं या में लोग शामिल हुए। लोगों ने



फूलमालाएं पहनाकर और पटाखे छोड़कर खुशी जाहिर की।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़ ने आर्यन को बधाई देते हुए कहा कि सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दे रही है तथा खेल नर्सरियां खोलकर खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा रहा है। वही उन्हों ने कहा कि आर्यन की उपलब्धि से पूरे देश का नाम रोशन हुआ है और गांव को उस पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की नीति में प्रावधान हुआ तो आर्यन को नौकरी दिलाने की मांग भी की जाएगी।

आपको बता दे कि आर्यन के पिता रजनीश कुमार गांव में दुकानदार हैं, जबकि माता पूनम गांव के सरकारी स्कूल में अध्यापिका हैं। आर्यन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार, मार्गदर्शक सुशील कुमार तथा भारतीय बाल बैडमिंटन महासंघ के सचिव आशुतोष राणा को दिया।

## पृष्ठ एक का शेष

**काम टीम वर्क...**

ने कहा कि पंजाब हमारी ताकत है। उन्हें पंजाब आकर बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि यहां उन्हें हिंदुस्तान की शक्ति और नींव दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि वे पंजाब और यहां की जनता से बहुत प्यार करते हैं।

आप हमारे रक्षक हैं। किसान और मजदूर देश की नींव होते हैं, उनके बिना देश मजबूत नहीं हो सकता। यदि देश में हरित क्रांति आई थी तो वह पंजाब के किसानों और मजदूरों की मेहनत की बदौलत आई थी।

**'भाजपा और...**

हैं। दूसरी तरफ, पंजाब में आप की सरकार है, जिसने भाजपा के कहने पर खनौरी और शंभू बॉर्डर पर संघर्ष कर रहे किसानों को बेरहमी से खदेड़ा। उन्होंने साफ कहा कि ये दोनों पार्टियां अंदर से मिली हुई हैं और एक ही सिक्के के दो पहलू% हैं। खैहरा ने आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को क्लीन चिट दिए जाने पर भी कड़ी टिप्पणी की।

उन्होंने दावा किया कि यह कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं थी, बल्कि भाजपा और आप के बीच एक गुप्त समझौते का नतीजा थी। उन्होंने कहा कि यह सब जनता को गुमराह करने के लिए पहले से तय किया गया था।

**हरियाणा में विधायकों...**

राशि देने का प्रावधान किया था। यह पहली बार था कि जब विधायकों को पांच करोड़ की विशेष राशि मिलनी थी। विधायकों को पूरे पांच साल के कार्यकाल में पांच करोड़ रुपये मिलने हैं।

**सत्य, साहस और...**

जनमानस की पीड़ा को बेबाकी से उजागर किया। उनकी रिपोर्टिंग में संतुलन, तथ्यों की मजबूती और निष्पक्षता स्पष्ट झलकती थी। वे मानते थे कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है।

यही कारण था कि वे हमेशा सत्य के पक्ष में खड़े रहे—चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों।

युवा पत्रकारों के लिए वे प्रेरणा स्रोत और मार्गदर्शक थे। सहकर्मी उन्हें एक सरल, सौम्य और सहयोगी व्यक्तित्व के रूप में याद कर रहे हैं। उनकी मुस्कान और साहसिक विचार सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका अंतिम संस्कार 1 मार्च 2026 को जालंधर में किया जाएगा, जहाँ शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देंगे।

**सत्ता संदेश परिवार...**

शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनके शब्द, उनके विचार और उनके सिद्धांत सदैव जीवित रहेंगे।

**मोगा-बरनाला...**

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। मोगा के सिविल अस्पताल में जानकारी देते हुए कानूनगो अमनदीप सिंह ने बताया कि हादसा देर रात हुआ और शुरुआती जांच में इसे सड़क हादसा माना जा रहा है।

**नौजवान रणजीत...**

उन्होंने कहा कि, सीसीटीवी देखने के बाद पुलिस रणजीत सिंह को उठाकर ले गई थी और बाद में उसका फर्जी एनकाउंटर कर दिया गया।

**बेलगाम दौड़ रहे...**

में टिप्पर दुर्घटना में एक महिला की मौत होने की सूचना मिली थी। आज तीसरे दिन एक और युवक हादसे का शिकार हो गया, जो 21वीं घातक दुर्घटना है। लोगों में पहले से ही टिपर मालिकों और प्रशासन के खिलाफ काफी गुस्सा था। अब और गुस्सा भड़क गया है, जो प्रशासन के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकता है।

**योगी सरकार...**

कर्मचारियों को राहत देते हुए एक अंतिम अवसर दिया है। 26 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक मानव संपदा पोर्टल को दोबारा खोला गया है।

**10वीं बोर्ड...**

माह) की गर्भवती थी और शिशु का जन्म समय से पहले हुआ है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ए.एस.पी.) ने बताया कि मामले में बाल यौन अपराधों से संरक्षण (पोस्को) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है और इसे बेतमा थाना को स्थानांतरित कर दिया गया है।

**प्रेमिका का अश्लील...**

साथियों ने उस पर टांगी (कुल्हाड़ी) और अन्य धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में युवती का दाहिना पैर दो जगहों से बुरी तरह जख्मी हो गया, हड्डियां टूट गईं और वह बेहोश हो गई। हमलावर उसे मरा हुआ समझकर सड़क पर छोड़कर फरार हो गए।

**प्रधानमंत्री मोदी...**

मंत्रिमंडलीय सचिवालय ने एक निर्धारित प्रारूप प्रसारित किया है, जिसमें हरेक मंत्रालय को पिछले कुछ वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों के साथ भविष्य की सुधार पहलों का विवरण देना होगा।

**जगदीप धनखड़...**

दिया था। दरअसल, मैंने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया था। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैंने स्वास्थ्य के प्रति कभी लापरवाही नहीं बरती। कहते भी हैं-पहला सुख निरोगी काया।

**तीन महीने...**

के लिए प्रिंस ने उसे रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रची। 20 नवंबर, 2025 को शिवानी पार्लर का सामान लेने के बहाने घर से निकली थी, लेकिन प्रिंस उसे बहला-फुसलाकर अपनी कार में बैठाकर देवघर की ओर ले गया।

**तेज रफ्तार...**

दोस्त मुनीश कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जसपाल बांगर से डी-मार्ट गांव संगोवाल सामान लेने जा रहे थे।

जैसे ही वे जसपाल बांगर पुल क्रॉस करके मुख्य सड़क पर डी-मार्ट से थोड़ा पीछे पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

# हरियाणा में बेटी की शादी के लिए मिलेंगे 71 हजार रुपये

सिरसा/सत्ता संदेश
हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में बेटियों के विवाह को लेकर परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक दबाव को कम करना है। इस योजना का लाभ उन गरीब पात्र परिवारों को मिल रहा है जो अपनी बेटी के विवाह के दौरान खर्च उठाने में असमर्थ थे ऐसे पात्र लोगों ने सरकार का धन्यवाद करते हुए कहां की उन्हें बहुत सहायता मिली है।

जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत वे परिवार पात्र माने गए हैं जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख



रुपये तक है। योजना के तहत अब तक जिला के 2887 लाभपात्रों के खाते में 18 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खाते में भेजी जा चुकी है।योजना के अनुसार कन्या के विवाह के बाद छह माह के भीतर आधिकारिक पोर्टल www.shaadi.edisha.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने पर ही लाभ राशि सीधे लाभार्थी को प्रदान की जाती है।

सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जाति / विमुक्त जाति वर्ग के लाभार्थियों को 71,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। वहीं सभी वर्गों की विधवा, बेसहारा महिला या अनाथ बेटियों को 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को 41,000 रुपये की राशि दी जाती है। दिव्यांगजनों के लिए भी इस योजना में विशेष प्रावधान किए गए हैं।

यदि विवाह करने वाले दंपती दोनों दिव्यांग हों तो उन्हें 51,000 रुपये की सहायता दी जाती है, जबकि दंपती में से केवल एक के दिव्यांग होने की स्थिति में 41,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### चलती ट्रेन से गिरा, यात्री की मौत

कुरुक्षेत्र/सत्ता संदेश
शाहाबाद और मोहड़ी स्टेशनों के बीच ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत हो गई। उसका शव दोनों ट्रैक के बीच में प ा मिला। सुबह राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ट्रेन से उतरने के दौरान शायद बैलेंस बिगड़ने से यात्री नीचे गिर गया। GRP के मुताबिक, घटना रात करीब 1 बजे की है। ट्रेन अंबाला की तरफ जा रही थी। सुबह करीब 6 बजे रेलवे कंट्रोल रूम को इसकी सूचना मिली। रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। अभी युवक की पहचान हो पाई है, लेकिन युवक बिहार साइड का लग रहा है। इसकी उम्र करीब 25 साल की लग रही है।
ASI विकास कुमार ने बताया कि यात्री पीली पैंट, नीली बनियान और हल्की नीली शर्ट पहनी हुई थी। ऊपर से मटमैले रंग की जर्सी और लाल-हरी बेल्ट भी डाली हुई थी।

# रोहतक में युवक की निर्मम हत्या, खेतों में बने तालाब में मिला शव

रोहतक/सत्ता संदेश
रोहतक जिले के मदीना गांव से अजायब रोड पर आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक खेतों में बने तालाब में एक युवक का शव पड़ा मिला।

सूचना मिलते ही थाना बहुअकबरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया, जिसने साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक की चाकुओं से गोदकर बेरहमी से हत्या की गई है। क्योंकि युवक की गर्दन व शरीर पर चाकुओं के निशान हैं, वहीं मृतक की पहचान गांव सिंहपुरा निवासी विकास (21 वर्षीय) पुत्र सुरेंद्र के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार विकास 21 फरवरी से घर से लापता था, जिसके बाद उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई गई थी। पुलिस तभी से युवक की तलाश कर रही थी। आज सुबह सैर कर रहे एक व्यक्ति ने तालाब में शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

बहुअकबरपुर के साह्न महेश कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिर तार कर लिया जाएगा।

# हरियाणा में अब बड़ी परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी, सीएम खुद करेंगे समीक्षा

चंडीगढ़/सत्ता संदेश
हरियाणा में अब बड़ी परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी। व्यापक आर्थिक, सामाजिक और दीर्घकालिक प्रभाव वाली 100 महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की पहचान कर उनकी उच्चतम स्तर पर निगरानी की जाएगी ताकि परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी हो सकें। इसके लिए संबंधित विभाग के 4-5 अधिकारियों की टास्क फोर्स बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर महीने खुद इन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे ताकि इनमें आने वाली बाधाओं को दूर कर क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि टास्क फोर्स परियोजनाओं की निगरानी करेगी। परियोजनाओं में देरी की पहचान करेगी और आवश्यकता अनुसार अंतर विभागीय समन्वय सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सुशासन के परिणामों को बेहतर बनाने और जन विश्वास को मजबूत करने के लिए के प्रमुख विकास परियोजनाओं का समय पर पूरा होना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि विभाग अपनी-अपनी प्रमुख परियोजनाओं की पहचान कर जल्द से जल्द इनकी सूची हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम को भिजवाएं।

# पिटाई कर मुंह पर पेशाब करने के मामले में 5 आरोपी काबू

जींद/सत्ता संदेश
हरियाणा के जींद जिले के सफीदों में 16 फरवरी की रात हुई एक अमानवीय और शर्मनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया था। आपसी रंजिश और शराब के नशे में कुछ युवकों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई की, उस पर गोली चलाई (जो चूक गई), लोहे की रॉडों से पीटा और सबसे घिनौना कृत्य करते हुए उसके मुंह पर पेशाब कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिससे समाज में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें मुख्य आरोपी नवीन सहित अन्य शामिल हैं। डीएसपी गौरव शर्मा के अनुसार, अब तक 5 आरोपियों को गिर तार कर लिया गया है, जबकि बाकी की



तलाश जारी है। पुलिस ने इस मामले में धारा 109 BNS (हत्या का प्रयास), आर्म्स एक्ट और महत्वपूर्ण रूप से एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ दी हैं, क्योंकि पीड़ित की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह कृत्य जातिगत उत्पीड़न से जुड़ा प्रतीत होता है। आरोपियों की उम्र 18 से 23 वर्ष के बीच बताई गई है।मानवता को शर्मसार करने वाले इन बदमाशों को सबक सिखाने के लिए पुलिस ने पांच गिर तार आरोपियों का सिर मुंडवा दिया। डीएसपी गौरव शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा घिनौना कृत्य करने की हि मत न करे। पुलिस ने 3-4 टीमें गठित की हैं, जो शेष आरोपियों को जल्द गिर तार करने में जुटी हैं।

घटना सफीदों के हुडा ग्राउंड (नई अनाज मंडी के पीछे) पर हुई। पीड़ित युवक (अरुण) अपने दोस्तों के साथ बैठा था। आपसी पुरानी रंजिश के चलते मुख्य आरोपी नवीन और उसके साथियों ने उसे बुलाया, पहले फायरिंग की, फिर मारपीट की और अंत में मुंह पर पेशाब कर दिया। नवीन के खिलाफ पहले भी 2 मामले दर्ज हैं और वह एक मामले में फरार था। सभी आरोपी एक ही समाज से बताए जा रहे हैं।पुलिस की इस स त कार्रवाई से स्थानीय स्तर पर राहत की सांस ली जा रही है, लेकिन पीड़ित के परिवार और समाज न्याय की पूरी प्रक्रिया की मांग कर रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सभी आरोपियों को जल्द कानून के कटघरे में लाया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नादौन में 76 उम्मीदवारों का का इंटरव्यू, 48 को नौकरी

नादौन/सत्ता संदेश
रोजगार कार्यालय नादौन में सौर ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी जुपिटर ग्रुप द्वारा डीईटी (डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी) और आईटीआई (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) कार्यकारी पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। साक्षात्कार में कुल 76 उ मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 48 उ मीदवारों का चयन किया गया। इंटरव्यू पैनल में अजय प्रोडक्शन हेड, कुलदीप शर्मा एचआर हेड और मुनीश परमार प्लांट हेड शामिल रहे। मुनीश परमार ने बताया कि जुपिटर ग्रुप में योग्य और उत्साही युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए इंटरव्यू लिये गए हैं।

### जिला में 94965 बच्चों को दी गई एल्बेंडाजोल दवाई

चांदपुर/सत्ता संदेश
जिला बिलासपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने 1 से 19 वर्ष तक के 94965 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाइयां दीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि कृमि मुक्ति का महत्व कृमि संक्रमण बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास में बाधक बनता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 94965 बच्चों को कृमि मुक्ति की दवाइयां दी गई। जिसकी 97 प्रतिशत अचीवमेंट रही। उन्होंने बताया कि जो बच्चे आज के अभियान में कवर नहीं हो पाए।

### बगलैहड़ में स्टोन क्रशर डंप पर मिला बुजुर्ग का शव

नालागढ़/सत्ता संदेश
नालागढ़ के समीप बगलैहड़ क्षेत्र में एक स्टोन क्रशर के डंप पर व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।मृतक की पहचान 65 वर्षीय प्रीतम सिंह निवासी शेरावाला, नालागढ़ के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में मृतक के चेहरे तथा शरीर का कुछ हिस्सा कुचला हुआ पाया गया है। जिस स्थान पर शव मिला, वहां बड़े टिप्परों की लगातार आवाजाही रहती है, जिससे हादसे की आशंका भी जताई जा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने केन्द्र से मांगी आर्थिक मदद

# वित्त मंत्री से मिले नेता प्रतिपक्ष, ज्यादा से ज्यादा वित्तीय सहायता का अनुरोध

शिमला/सत्ता संदेश
हिमाचल की आरडीजी खत्म होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा प्रदेश के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न वित्तीय विषयों को उनके समक्ष रखा। जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को निरंतर दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमाचल प्रदेश के संतुलित एवं सतत् विकास के लिए केंद्र का सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बैठक के दौरान उन्होंने प्रदेश की वित्तीय सुदृढ़ता, आधारभूत संरचना के विकास, आपदा राहत तथा विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

**इस महीने केंद्र से मिले 3000 करोड़ के प्रोजेक्ट**

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को वाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं (ईएपी) के जरिए केंद्र सरकार द्वारा 3000 करोड़ रुपए की मदद की गई है। इनमें जायका दो के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं की सुदृढ़ीकरण के लिए 1617 रुपए के प्रोजेक्ट की स्वीकृति दी गई है। इसमें जायका द्वारा 1294 करोड़ रुपए का ऋण दिया जाएगा। जिसमें से 1165 करोड़ केंद्र सरकार वहन करेगी। इससे हिमाचल प्रदेश के 5 मेडिकल कॉलेज और 86 स्वास्थ्य संस्थाओं में व्यवस्थाएं सुधरेगी। इसके अलावा आपदा पुनर्निर्माण हेतु विश्व बैंक द्वारा 1992 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को स्वीकृति दी गई थी। इस प्रोजेक्ट में भी केंद्र सरकार 1792 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी।

**हिमाचल भवन और सदन षड्यंत्र का अड्डा न बने**

जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी का विरोध, भारतीय जनता पार्टी का विरोध अलग बात है और देश का विरोध अलग बात है। हिमाचल भवन और सदन हिमाचल की प्रतिष्ठा और पहचान के प्रतीक हैं। इसे षड्यंत्र का अड्डा नहीं बनने देना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के आर्थिक हालात को लेकर पूरी की पूरी कैबिनेट दिल्ली पहुंची, लेकिन हैरानी की बात यह है कि न तो कोई प्रधानमंत्री से मिला और नहीं वित्त मंत्री से।

# मकर संक्रांति मेले में प्रशासन ने कमाए 66 लाख 77 हजार

कांगड़ा/सत्ता संदेश
शक्तिपीठ माता बज्रेश्वरी मंदिर में 19 मार्च से आरंभ हो रहे ग्रीष्मकालीन नवरात्रों के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर मंदिर ट्रस्ट की एक महत्त्वपूर्ण बैठक एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नवरात्र के दौरान देश-विदेश से माता के दर्शनों के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अलग-अलग उपसमितियों का गठन किया गया। इन उपसमितियों को सुरक्षा, सफाई, यातायात, पार्किंग, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, लंगर व्यवस्था, जनसंपर्क तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जि मेदारी सौंपी गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।




मंदिर परिसर में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती, शौचालयों की उचित व्यवस्था, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता, मंदिर परिसर की आकर्षक विद्युत सजावट तथा पूजा-पाठ एवं हवन यज्ञ से संबंधित व्यवस्थाओं को भी बेहतर एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त बैठक में वर्ष 2026 में आयोजित मकर संक्रांति पर्व के दौरान हुई आय एवं व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। प्रशासन के अनुसार मेले के दौरान लगभग 66 लाख 71 हजार रुपए की आय प्राप्त हुई, जबकि बिना जीएसटी के लगभग 52 लाख रुपए खर्च किए गए। प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि आगामी ग्रीष्मकालीन नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में मंदिर अधिकारी दिवाली ठाकुर, मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अशोक हिमाचली, उमेश शर्मा, सदन शर्मा, राजन शर्मा, विजय सहगल व इशांत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, मंदिर प्रशासन के कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यसभा के लिए हाइकमान तय करेगा प्रत्याशी, बोले, राहुल और खड़गे लेंगे आखिरी फैसला

शिमला/सत्ता संदेश
सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए अभी समय है। राज्यसभा के चुनाव का फैसला हाईकमान करती है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडे प्रत्याशी का चयन करेंगे। हाईकमान की इसका निर्णय लेगा। इसके बाद हम उन्हें वोट डालकर उसे राज्यसभा भेजेंगे। हम चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी सहयोग करे, लेकिन वे सहयोग करने के पक्ष में नहीं हैं।



उन्होंने कहा कि 15वें वित्तायोग के पास भाजपा और जयराम ठाकुर और प्रदेशाध्यक्ष गए और कहा कि हमें आरडीजी मिलनी चाहिए, लेकिन विधानसभा में हिमाचल के हितों और अधिकारों की रक्षा के हितों की बात आई, तो वह हल्ला करते रहे। ऐसे में प्रदेश का हित कैसे होगा। कौन प्रदेश हित की लड़ाई लड़ रहा है, यह सब जनता देख रही है।

**सुक्खू ने कहा, हिमाचल सदन पर रेड दुर्भाग्यपूर्ण**

सीएम सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि दिल्ली के हिमाचल सदन में हुई रेड दुर्भाग्यपूर्ण है। वह वहां ठहरे हुए थे। हमारे यूथ कांग्रेस के युवा वहां आते हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष कह रहे थे कि सीएम कार्यालय से वहां की बुकिंग होती है। सुक्खू ने कहा कि सीएम कार्यालय से बुकिंग नहीं होगी, तो कहां से होगी? हम उनकी बुकिंग नहीं, सबकी बुकिंग करते हैं। हिमाचल के लोगों के लिए हिमाचल भवन है। उसका वह किराया देते हैं। यदि वे ठहरे थे और इस प्रकार की यदि रेड करनी थी, तो उसकी जानकारी आरसी को देनी चाहिए थी। उन्हें भी जानकारी नहीं दी। मुझे भी इसकी जानकारी नहीं दी गई। लोकतंत्र में जो शांतिप्रिय तरीके से विरोध करता है, तो उसे विरोध नहीं कहते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता अरेस्ट कर लिए गए।

# कांगड़ा में सात दिन में दौड़ेगी खुशियों की ट्रेन

नगरोटा सूरियां/सत्ता संदेश
पठानकोट-नैरोगेज रेलमार्ग पर ट्रेनों की बहाली के लिए मंगलवार को उत्तर रेलवे के रेल सुरक्षा आयुक्त दिनेश चंद देशवाल ने छह बोगी वाली स्पेशल ट्रेन से रेल ट्रैक का निरीक्षण किया। उनके साथ मंडल रेलवे ज मू के प्रबंधक विवेक कुमार सहित तकनीकी इंजीनियर व अधिकारी भी उनके साथ निरीक्षण में शामिल रहे। निरिक्षण की रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को मिलने के बाद पठानकोट से बैजनाथ तक ट्रेनों की आवाजही शुरू हो जाएगी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त दिनेश चंद देशमुख निरीक्षण टीम के साथ सुबह दस बजकर 20 मिनट पर नैरोगेज रेलगाड़ी में पठानकोट सिटी रेलवे स्टेशन से चलकर करीब 11 बजे चक्की खड्ड रेलवे पुल पर पहुंचे। तकनीकी टीम के साथ करीब दो घंटे पुल का गहन निरीक्षण किया और करीब डेढ़ बजे नूरपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जबकि सभी स्टेशन व रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करते हुए शाम करीब साढ़े चार बजे



नगरोटा सूरियां रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। पांच मिनट के ठहराव के बाद रेलगाड़ी बैजनाथ के लिए निकल गई। निरीक्षण रेलगाड़ी के आगे सुरक्षा की दृष्टि से रेल ट्रैक पर खाली इंजन भी दौड़ाया गया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त दिनेश चंद देशवाल ने बताया कि चक्की खड्ड पर बने रेलवे पुल के सफल निरीक्षकाण के बाद रेल ट्रैक का बैजनाथ तक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण पूरा होने के बाद ही आगे की करवाई अमल में लाइ जाएगी। मंडल रेलवे ज मू के डीआरएम विवेक कुमार ने कहा की ट्रायल सफल रहने के बाद एक सप्ताह के भीतर पठानकोट से बैजनाथ के लिए सीधी रेल सेवा शुरू कर दी जाएगी।

**चक्की पुल का किया निरीक्षण**

पठानकोट-जोगिंद्रनगर नेरोगेज रेललाइन के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। लगभग तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद चक्की रेलवे का नवनिर्मित पुल पूरी तरह तैयार हो गया है। करीब 70 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस आधुनिक और सुदृढ़ पुल का कमिश्नर रेलवे से टी, नॉर्दर्न सर्कल दिनेश देसवाल ने तकनीकी टीम सहित गहन निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कोटली में फटा पहाड़, 12 फुट चौड़ी दरारें, सतौण में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा खतरा

**कोटली/सत्ता संदेश** : कोटली का सताहण पहाड़ फट रहा है। इस पहाड़ पर दस फुट गहरी और चौड़ी खाइयां बन गई हैं। पहाड़ लगातार फट रहा है। कटोली का सतौण पहाड़ में आई दरारों से मौत झांक रही है। यह दरारें लगातार बढ़ रही हैं और इस पहाड़ के साथ गुजरते एनएच 003 पर लगातार लैंड स्लाइड होकर वाहन चालकों को खौफजदा किए हुए है। इस स्थान पर खिली धूप में भी भारी भरकम लैंड स्लाइड ने सफर को जोखिम पूर्ण बना दिया है। पांच बीघा की परिधि में फैले पहाड़ पर आई दरारों से मौत इस कद्र झांक रही है कि लोग इन्हें देखकर ही खौफजदा हो रहे हैं। पहाड़ पर आई दरारें भी लगातार बढ़ी हो रही हैं। लोग बता रहे हैं कि एनएच के निर्माण के लिए पहाड़ को काटे जाने के बाद पहाड़ के दरकने और गड्ढे पडने का सिलसिला बढ़ गया है। तीन दिन पहले भी रात के समय पहाड़ एनएच पर इस कदर दरका कि सड़क पर यातायात बहाल करवाने और मलबा हटाने में ही चार घंटे लग गए।

### 296 पंचायतों की बदलेगी तस्वीर, एक हज़ार 10 करोड़ के जायका प्रोजेक्ट के फेज-टू का आगाज

**धर्मशाला/सत्ता संदेश** : जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी जायका का हिमाचल प्रदेश में एक हज़ार दस करोड़ के कृषि प्रोजेक्ट के फेज-दो का शुभारंभ मंगलवार को धर्मशाला से कर दिया गया। दूसरे चरण के तहत पहली राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन धर्मशाला में कुनाल पत्थरी मंदिर के पास स्थित निजी होटल में किया गया। एक हज़ार करोड़ से अधिक जायका प्रोजेक्ट से पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के 296 पंचायतों की तस्वीर बदलेगी। इसमें कृषि-बागबानी को सिंचाई के नए आयाम स्थापित होने के साथ ही वैज्ञानिक तरीके से खेती पर कार्य किया जा रहा है।
इसके तहत पहले चरण में अब तक 321 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। जबकि अब दूसरे चरण में ज़मीनी स्तर पर परियोजना का महत्त्वपूर्ण पहलू देखने को मिलेगी, जिससे किसानों की आर्थिकी में भी बड़ा सुधार आएगा।

### खाई में गिरा गाड़ियों से लदा ट्राला, ड्राइवर की मौत

**ढलियारा/सत्ता संदेश** : ढलियारा स्थित राधा स्वामी सत्संग घर के समीप मंगलवार सुबह एक और जानलेवा हादसे ने इलाके को दहला दिया। हनुमान मंदिर के पास बने तीखे और खतरनाक मोड़ पर गाडि ों से लदा ट्राला अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर तोड़ता हुआ करीब 50 फुट गहरी खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह लगभग छह बजे हुआ। यह हादसा एक बार फिर उस मोड़ की भयावह सच्चाई उजागर कर गया, जिसे स्थानीय लोग लंबे समय से मौत मोड़ कहकर चेतावनी देते आ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक कांगड़ा रोड की ओर जा रहा था। ढलान और तीखे घुमाव के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। तेज र तार ट्रक पहले क्रैश बैरियर से टकराया, बैरियर को तोड़ता हुआ सीधे गहरी खाई में जा गिरा। नीचे गिरते ही वाहन के परखच्चे उड़ गए और ट्रक में लदी गाडि ां भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया।

### चरस और कैश के साथ अमरीका का आरोपी अरेस्ट

**कुल्लू/सत्ता संदेश** : जिला कुल्लू के भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर पुलिस ने तीन लोगों से चरस और लाखों की नकदी बरामद की है। पुलिस ने चरस और नकदी को कब्जे में लेकर तीन लोगों को हिरास्त में लिया है। पुलिस मामले की कार्रवाई रही है। पुलिस ने वाहन को भी अपने कब्जे में लिया है। यही नहीं मामले में संलिप्त एक व्यक्ति अन्य वाहन की टक्कर से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती किया गया है।
पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जाकनारी के अनुसार 23 फरवरी को थाना भुंतर की पुलिस टीम ने भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर सिऊंड के पास नाकाबंदी की थी। इस दौरान वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी बीच एक होंडा अकॉर्ड नंबर एचपी 88-3888 को पुलिस ने चैकिंग के लिए रोका। जब गाड़ी की चैकिंग शुरूक की गई तो उसमें तीन तिब्बती मूल के व्यक्ति बैठे थे।

### धर्मशाला से चिंतपूर्णी चलेगी इलेक्ट्रिक बस

**चिंतपूर्णी/सत्ता संदेश** : हिमाचल प्रदेश को ग्रीन स्टेट बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य सड परिवहन निगम द्वारा धर्मशाला से धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी के बीच इलेक्ट्रिक बस का सफल ट्रायल किया गया। सफल ट्रायल के बाद अब उ मीद जताई जा रही है कि जल्द ही धर्मशाला-चिंतपूर्णी रूट पर आम जनता के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू कर दी जाएगी। इससे श्रद्धालुओं और स्थानीय यात्रियों को एक सस्ता और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। इस महत्वपूर्ण परीक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज चड्ढा और प्रबंधक साहिल कपूर स्वयं बस में मौजूद रहे। पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। बस की मजबूती और पहाड़ी रास्तों पर उसकी क्षमता को जांचने के लिए इस ट्रायल को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप बनाया गया था। बस में सवारियों के वजन का आकलन करने के लिए रेत से भरी बोरियां रखी गई थीं, ताकि यह पता चल सके कि पूरी क्षमता के साथ बस चढ़ाई वाले रास्तों पर कैसा प्रदर्शन करती है। बस धर्मशाला से सफलतापूर्वक चिंतपूर्णी पहुंची।

# रक्कड़ में एचआरटीसी बस-कार में जोरदार टक्कर, दो सवारों की गई जान

नादौन/सत्ता संदेश
नादौन-अंब मार्ग पर चामुक्खा गांव में कार और बस के बीच हुए हुई भीषण टक्कर में मां-बेटी की मौत हो गई है, जबकि दो बच्चे और दो युवक गंभीर तौर पर घायल हुए हैं, जिनका टांडा में उपचार चल रहा है। नादौन से कलोहा की ओर जा रही कार (एचपी 36 डी 3879) में सवार होकर एक ही परिवार के लोग जा रहे थे जैसे ही यह लोग चामुखा के पास पहुंचे, तो कार चला रहा राकेश कुमार नियंत्रण खो बैठा और अमृतसर से सुजानपुर आ रही हिमाचल परिवहन की बस के साथ भीषण टक्कर हो गई। हादसे के दौरान कार सवार सोमादेवी पत्नी भूरी सिंह निवासी गांव भड्डू नैहरनपुखर तथा उनकी बेटी शशिवाला पत्नी राकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई,



जबकि शशिवाला के पति राकेश कुमार, भाई विजय कुमार पुत्र भूरि सिंह, बेटा रुद्रांश तथा बेटी उर्वशी गंभीर तौर पर घायल हो गए। जिन्हें तुरंत नादौन अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को टांडा रैफर कर दिया है। बस चालक प्रदीप कुमार तथा परिचालक जीवन कुमार ने बताया कि हादसा कार की तेज गति के कारण हुआ है। नादौन अस्पताल में पहुंचे परिवहन निगम के ऊना डिपो के निरीक्षक सीताराम, उपनिरीक्षक राज कुमार तथा अड्डा इंचार्ज राजेंद्र कौशल ने पीड़ित परिवार के परिजन कर्ण सिंह के पास दस हजार रुपए बतौर फौरी राहत दिए हैं। इस संबंध में जांच अधिकारी इलमद्दीन सब-इंस्पेक्टर ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

### चंबा में पूर्व सैनिक को साढ़े तीन लाख रुपए की चपत

चंबा/सत्ता संदेश
ग्राम पंचायत कियाणी के सीआरपीएफ से रिटायर्ड कर्मी के साथ शातिरों ने ऑनलाइन ठगी कर करीब तीन लाख 70 हजार रुपए हड़प लिए। शातिरों ने रिटायर्ड कर्मी के एसबीआई चंबा स्थित वेतन व पेंशन खाते से करीब 38 बार पीओएस एटीएम के माध्यम से निकासी की है, लेकिन पीड़ित को किसी भी प्रकार का एसएमएस या ट्रांजेक्शन अलर्ट प्राप्त नहीं हुआ। रतन कुमार पुत्र स्व. प्रेम लाल वासी गांव काहलो ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसका व्यक्तिगत वेतन एवं पेंशन खाता एसबीआई चंबा में संचालित है। नौ अगस्त, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से कई बार धनराशि निकाली। इस दौरान कुल लगभग 3.70 लाख रुपए की अवैध निकासी की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार इस अवधि में करीब 38 लेनदेन किए गए।

## हिमाचल पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव, निजी दौरे पर मरयोग स्थित बद्रिका आश्रम पहुंचे समाजवादी नेता

सोलन/सत्ता संदेश
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इन दिनों निजी प्रवास पर हिमाचल प्रदेश में हैं। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह जिला सिरमौर के मरयोग स्थित बद्रिका आश्रम पहुंचे। जानकारी के अनुसार उनकी पत्नी डिंपल यादव और बेटी पिछले एक सप्ताह से आश्रम में ठहरी हुई हैं। यह दौरा पूरी तरह निजी बताया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री होने के कारण उन्हें नियमानुसार सुरक्षा प्रदान की गई है। केवल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हिमाचल पुलिस से अनुरोध किया गया था। डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी स्वयं सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी कर रहे हैं। इससे पहले वह सोमवार शाम कसौली में रुके थे और वहीं रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह आश्रम के लिए रवाना हुए। उनके आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर उत्सुकता देखी गई,



हालांकि कार्यक्रम को सार्वजनिक नहीं किया गया। हिमाचल प्रवास के दौरान उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रदेश की खूबसूरत वादियों व सड़कों की खस्ता हालत का एक वीडियो साझा किया।

वीडियो के साथ उन्होंने लिखा कि जब 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' बन सकती है, तो आश्रमों को जोडने के लिए 'सनातन सडे योजना' क्यों नहीं बनाई जा सकती। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इससे धर्म का मार्ग और अधिक सुलभ होगा तथा सच्चे धर्मप्रधान लोगों को सत्संग का भी अवसर मिलेगा।

## साई रोड की मर मत शुरू, नौ करोड़ खर्च होंगे

बद्दी/सत्ता संदेश
बद्दी शहर की लंबे समय से खस्ताहाल साई रोड के चौड़ीकरण और पक्कीकरण कार्य की औपचारिक शुरुआत हो गई है। मंगलवार को मार्ग की निशानदेही कर निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। योजना के तहत सडक़ को डिवाइडर के दोनों ओर से 22.22 फीट चौड़ा बनाया जाएगा और इसे आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगाए ताकि शहर के मु य मार्ग पर जाम और दुर्घटनाओं की समस्या कम हो सके। पूरे कार्य को दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के अनुसार सडक़ चौड़ीकरण व पक्कीकरण पर करीब 8 करोड़ 99 लाख रुपये खर्च किए जाएंगेए जबकि बिजली ढांचे को व्यवस्थित करने के लिए लगभग 3०87 करोड़ रुपये की लागत से पुराने खंभों को हटाकर नए 40 फीट ऊंचे पोल लगाए जाएंगे। साथ ही बीच-बीच में डिब्बा बंद टाइप ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे, जिससे बिजली आपूर्ति अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगी। विधायक राम कुमार की देखरेख में नगर निगम, जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सडक़ की पैमाइश की। योजना के तहत सबसे पहले सडक़ किनारे लगे पुराने बिजली खंभे हटाए जाएंगे। पहले चरण में रेड लाइट चौक से सत्संग भवन तक खंभों को हटाने का कार्य एक.दो दिन में शुरू किया जाएगा। इसके बाद चार फीट चौड़ी पक्की नाली का निर्माण होगा।

# मैड़ी में बाबा बड़भाग सिंह होली मेले का शुभारंभ

## मेले के पहले दिन दस हजार श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

अंब/सत्ता संदेश
उपमंडल अंब स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल डेरा बाबा बड़भाग सिंह, मैड़ी में मंगलवार को पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ ऐतिहासिक होली मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि यह मेला 24 फरवरी से छह मार्च तक आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने वाले इस मेले को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा एवं सुविधाओं के व्यापक और सुनियोजित प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

इसके अलावा यातायात नियंत्रण के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू



किया गया है। स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, अस्थायी शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं, बुलेंस सुविधा तथा अग्निशमन सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मेला क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखे हुए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन एवं पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेले में आते समय यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। किसी भी परिस्थिति में मालवाहक वाहनों में सफर कर मेले में न पहुंचें। प्रसिद्ध तीर्थस्थल डेरा बाबा बड़भाग सिंह, मैड़ी में प्रदेश और बाहरी राज्यों से भक्त आते हैं।

उपमंडल अंब के तहत स्थित बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में विश्व वि यात होली मोहल्ला मेला मंगलवार से श्रद्धा और उत्साह के साथ आरंभ हो गया। मेले के पहले ही दिन बाहरी राज्यों से श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी रहा।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डेरा प्रबंधन की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए हैं। डेरा प्रबंधन कमेटी के सदस्य नरेश शर्मा और प्रबंधक कश्मीर सिंह ने बताया कि उनकी बहुमंजिला सरायों में हजारों श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 24 घंटे निःशुल्क लंगर की व्यवस्था की गई है तथा सुरक्षा के मद्देनजर निजी सुरक्षा गार्ड भी तैनात किए गए हैं।

## संपादकीय

# एनपीजी की 109वीं बैठक में प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 109वीं बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अवसंरचना परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए बुलाई गई थी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस एनएमपी) के अनुरूप बहुआयामी कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ाना था। एनपीजी ने एकीकृत बहुआयामी अवसंरचना, आर्थिक और सामाजिक केंद्रों तक अंतिम-मील कनेक्टिविटी और समग्र सरकारी दृष्टिकोण के प्रधानमंत्री गतिशक्ति सिद्धांतों के अनुरूप 2 रेल परियोजनाओं, 1 मेट्रो परियोजना और 1 हवाई अड्डे की परियोजना का मूल्यांकन किया। इन पहलों से लॉजिस्टिक्स दक्षता में वृद्धि, यात्रा समय में कमी और परियोजना के प्रभाव क्षेत्र में महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं के मूल्यांकन और अपेक्षित प्रभावों का विवरण नीचे दिया गया है :

■ नीचे परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण दिया गया है :

**जालंधर कैंट-जम्मू तवी स्टेशन के बीच प्रस्तावित तीसरी रेल लाइन (पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू)** : रेल मंत्रालय ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर राज्यों से होकर गुजरने वाली 210.750 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन का निर्माण प्रस्तावित किया है। प्रस्तावित मार्ग में 27 स्टेशन होंगे और यह जालंधर, होशियारपुर, कांगड़ा, पठानकोट, कठुआ और सांबा जैसे प्रमुख जिलों से होकर गुजरेगी। इस परियोजना का उद्देश्य इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कॉरिडोर पर रेल क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना और कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। प्रस्तावित रेल लाइन का रणनीतिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से गहरा महत्व है। यह सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा कर्मियों, उपकरणों और आपूर्ति की तेज़ और अधिक विश्वसनीय आवाजाही को सक्षम बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक संपत्ति के रूप में कार्य करेगी। आर्थिक दृष्टि से, यह परियोजना कृषि उत्पादों, निर्माण सामग्री और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में सुधार करके व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगी।

**जबलपुर (मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश) में मानिकपुर और इटारसी के बीच प्रस्तावित तीसरी रेल लाइन** : रेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों में मानिकपुर और इटारसी के बीच 518.532 किलोमीटर की तीसरी रेल लाइन के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। प्रस्तावित मार्ग चित्रकूट, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर और नर्मदापुरम जैसे प्रमुख जिलों से होकर गुजरता है, जिससे उत्तरी और मध्य भारत को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण गलियारे पर रेल संपर्क मजबूत होता है। यह मार्ग खंड क्षेत्रीय रेल नेटवर्क का एक अनिवार्य हिस्सा है, जहां से बड़ी संख्या में यात्री और भारी मात्रा में माल ढुलाई होती है।

प्रस्तावित तीसरी रेल लाइन से परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने, नेटवर्क की मजबूती में सुधार होने और बढ़ती यातायात मांग को पूरा करने तथा भीड़भाड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त रेल सेवाओं की शुरुआत होने की उम्मीद है। हालांकि, मौजूदा रेल बुनियादी ढांचा औद्योगिक केंद्रों, माल गोदामों और प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे प्रमुख आर्थिक केंद्रों को सेवाएं दे रहा है, लेकिन भविष्य के यातायात अनुमानों और परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए रेल की क्षमता में वृद्धि आवश्यक है। यह परियोजना अधिक कुशल और विश्वसनीय रेल संचालन को सक्षम बनाएगी, क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस गलियारे की समग्र परिवहन दक्षता को मजबूत करेगी।

**डोलू, सिलचर (असम) में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का विकास** : नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-27 के निकट रणनीतिक रूप से स्थित असम में सिलचर जिले के डोलू में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास का प्रस्ताव रखा है। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करना और आधुनिक विमानन अवसंरचना तथा बेहतर क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय संपर्क प्रदान करके मौजूदा नागरिक एन्क्लेव की क्षमता संबंधी सीमाओं का समाधान करना है। इस हवाई अड्डे के चालू हो जाने पर कछार जिले और आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद है।

– जितेंद्र कुमार, सम्पादक

# बात पते की-हकीकत की दुनिया के लिए दो मिनट का मौन!

इन दिनों एआई पर खूब चर्चा हो रही है, तो सोचा क्यों न इस विषय पर लिखूं। एक लड़के ने चैट जीपीटी से पूछा, मेरे पिताजी इस समय क्या कर रहे हैं। उसने बताया-आपके पिताजी इस समय चेम्सफोर्ड क्लब में बैठकर रमी खेल रहे हैं। लड़का हंसा और लानत देते हुए चैट जीपीटी से बोला-क्यों मूर्ख बनाते हो, मेरे पिताजी का देहांत हुए तो चार साल हो चुके हैं। चैट जीपीटी ने पूरे कॉन्फिडेंस से कहा-जिनका चार साल पहले देहांत हुआ, वे आपकी माताजी के पति थे, लेकिन आपके पिताजी इस समय चेम्सफोर्ड क्लब में रमी ही खेल रहे हैं।

यही है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का असली चेहरा। यह धीरे-धीरे सब कुछ आर्टिफिशियल कर देगा। सारे रिश्ते आर्टिफिशियल हो जाएंगे। आर्टिफिशियल बाप, आर्टिफिशियल मां...! असली रिश्ते नींव के पत्थर बन जाएंगे और आर्टिफिशियल रिश्ते गुम्बद बन जाएंगे। संवेदना, भावना, आस्था -सब कुछ आर्टिफिशियल होने लगा है। हम भगवान तक को आर्टिफिशियल करने पर तुले हैं। एआई से बने भगवान के चेहरे, भगवान के थ्रीडी अवतार, भगवान के बेबी अवतार, भगवान के चित्र आजकल खूब चल रहे हैं। बॉडी बिल्डर और सिक्स पैक एब्स वाले देवता और सुपर मॉडल जैसी देवियों के एआई अवतारों से इंटरनेट भर गया है। नए आर्टिफिशियल भगवानों के सामने पुराने सौम्य भगवान आउटडेटेड हो गए हैं।

मैं जहां तक एआई को समझ पाया हूं, इसका असली मतलब है वास्तविकता को मृत्युदंड देना। विज्ञान की तरक्की ने ज्ञान को जमींदोज किया है। राजनीति किसी भी बड़े बदलाव से घबराती नहीं है। इसलिए राजनीति एआई का पॉलिटिकल इस्तेमाल करने पर जुट गई है। पहले वोटर वोट के जरिए नेता चुनते थे, लेकिन अब एआई की मदद से नेताजी यह चुनते हैं कि किस-किस को वोट की परमिशन मिले तो वो जीत सकते हैं।

पूरी दुनिया में संवेदना और रिश्तों के श्राद्ध का समय चल रहा है। बनावटी लोगों की भीड़ में वास्तविकता को जीने वाले लोगों का संग्रहालय बनाया जाएगा। जिसमें पता चलेगा कि पहले सचमुच की मांएं होती थीं, जो बच्चों को लोरियां सुनाती थीं। किसी के जीने-मरने से लोगों को सुनकर पलने फर्क पड़ता था । एआई से लोरी वाली पीढि ां रोबोट जैसा व्यवहार करेंगी। काम सब करेंगी लेकिन उनमें संवेदना नहीं होगी।

आइए, हकीकत की दुनिया के लिए दो मिनट का मौन रखें ताकि हकीकत वालों को ये एहसास हो कि एआई के इस शोर-शराबे में कम से कम हकीकत के लिए मौन तो रखा जा रहा है।

सत्ता संदेश

RNI : PBHIN/25/A4135

पब्लिशर, एडिटर, मालिक जितेंद्र कुमार और प्रिंटर अश्मीत सिंह ने न्यूजपेपर 'सत्ता संदेश' (हिन्दी साप्ताहिक), ने मुंजाल प्रिंटर्स 1558/1 अमरपुरा, माता वाली गली, सिविल अस्पताल के पास, लुधियाना, पंजाब - 141008 से छपवाकर अपने आफिस पीएल-42, वर्धमान पार्क, चंडीगढ़ रोड, मुंडियां कलां, लुधियाना, पंजाब - 141015 से प्रकाशित किया।

Publisher, Editor, Owner Jitender Kumar and Printer **ASHMEET SINGH** Newspaper Title **'SATTA SANDESH' (HINDI WEEKLY)**, Printed at Munjal Printers 1558/1 Amarpura Mata Wali Gali, Near Civil Hospital, Ludhiana, Punjab - 141008 and Published from PL 42, Vardhman Park, Chandigarh Road, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab - 141015

M. + 91 92162 42177
Email : sattasandesh25@gmail.com

# कृषि विज्ञान मेले का केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुभारंभ

दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा में आयोजित तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती-किसानी को विकसित कृषि - आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ले जाने वाले कई बड़े कृषि सुधारों का रोडमैप सामने रखा। उन्होंने साफ संदेश दिया कि अब किसान का पैसा रोककर रखने की पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी, एमएसपी खरीदी से लेकर केसीसी लोन, पेस्टिसाइड लाइसेंस और केवीके की भूमिका तक, हर स्तर पर पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही तय की जाएगी।



आज पूसा स्थित आईसीएआर-आईएआरआई परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित पूसा कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एम. एल. जाट और आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी. एच. श्रीनिवास राव सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मंच पर किसानों को प्रथम पंक्ति में अपने साथ बैठाकर और एक दिव्यांग किसान भाई की व्हील चेयर स्वयं चलाकर उन्हें आगे लाकर चर्चा करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संदेश दिया कि नीति-निर्माण का केंद्र किसान ही है। कार्यक्रम में सात किसानों को आईएआरआई कृषि अध्येता पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे किसान प्रथम की भावना को और बल मिला।

■ **किसान का पैसा रोकने पर चुकाना पड़ेगा 12 प्रतिशत ब्याज**

कृषि रिफॉर्म्स पर अपनी बात रखते हुए श्री चौहान ने सबसे पहले किसानों के बकाया भुगतान में देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान को देर से भुगतान और सरकारी खातों में पैसा पार्क रखकर लाभ कमाने की प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार अपनी ओर से देरी नहीं करेगी और यदि किसी योजना में राज्यों की ओर से भुगतान में विलंब होता है तो भी केंद्र का हिस्सा सीधे किसान के खाते में भेजने के विकल्प पर काम किया जा रहा है। उनका संदेश था कि किसान को केंद्र की ओर से मिलने वाला लाभ समय पर और बिना अड़चन के पहुँचे।

कृषि यंत्रीकरण, ड्रिप, स्प्रिंकलर, पाली हाउस और ग्रीन हाउस जैसी तकनीकों के लिए दी जा रही सहायता का ज़िक्रि करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को 18 से अधिक योजनाओं के तहत संसाधन उपलब्ध करा रही है, लेकिन केवल पैसा भेज देना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि एक जिले में 700 किसानों की सूची में नाम होने के बावजूद 158 किसानों को मशीनें मिली ही नहीं। उन्होंने कहा कि जब केंद्र पैसा देता है तो यह भी देखना उसकी जिम्मेदारी है कि लाभ असली किसान तक पहुँचा या नहीं, और इसके लिए मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम एक जरूरी रिफॉर्म है।

■ **केवीके बनेगा ज़िले का कृषि रिफॉर्म कमांड सेंटर**

कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका पर जोर देते हुए मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि केवीके को जिले की एक सशक्त इकाई के रूप में विकसित किया जाएगा, जो अनुसंधान और एक्सटेंशन के बीच सेतु का काम करे। उन्होंने केवीके को राज्यों के साथ बेहतर तालमेल कर नई किस्में, नई कृषि पद्धतियाँ और सफल मॉडल गाँवङ्गगाँव तक पहुँचाने का दायित्व सौंपा और केवीके की संरचनात्मक मजबूती को भी एक अहम सुधार बताया।

■ **केसीसी पर 4 प्रतिशत ब्याज, लेकिन जीरो देरी ङ्ग बैंक हों जवाबदेह**

श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान में लगभग 75 प्रतिशत छोटे किसानों को केसीसी लोन का लाभ मिल रहा है और प्रभावी 4 प्रतिशत ब्याज दर पर सस्ता ऋण उपलब्ध है, लेकिन इसमें भी देरी अस्वीकार्य है। उन्होंने वित्तीय संस्थाओं और बैंकों से अपेक्षा जताई कि किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े ऋण समय पर और बिना अनावश्यक कागजी देरी के जारी किए जाएँ, ताकि किसान साहूकारों पर निर्भर न रहें।

■ **पेस्टिसाइड लाइसेंस में लेटलतीफी खत्म करने पर शिवराज सिंह का ज़ोर**

कीटनाशकों की गुणवत्ता और लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर बोलते हुए श्री शिवराज सिंह ने माना कि मौजूदा लाइसेंस प्रणाली लंबी और जटिल है, जिसके कारण ईमानदार कंपनियाँ भी अनावश्यक चक्कर काटती हैं और किसान तक अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद पहुँचने में देरी होती है। उन्होंने संकेत दिया कि पेस्टिसाइड लाइसेंस प्रक्रिया को सरल, लेयर कम, समयसीमा तय और पूरी तरह पारदर्शी बनाने की दिशा में काम किया जाएगा, ताकि गुणवत्तापूर्ण उत्पाद जल्दी बाजार में आए और घटिया व नकली उत्पादों पर सख्त रोक लग सके।

■ **एमएसपी खरीद तीन महीने नहीं, एक महीने में हो**

एमएसपी पर खरीदी की बात करते हुए श्री चौहान ने कहा कि तीन महीने की मौजूदा समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि किसान के पास फसल उतने लंबे समय तक रोककर रखने की क्षमता नहीं होती।

उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यों के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि अधिकतम एक महीने के भीतर एमएसपी पर खरीद पूरी हो जाए, ताकि किसान को तुरंत उचित दाम मिल सके और बाद में अन्य लोग खरीद कर एमएसपी के नाम पर अनुचित लाभ न उठा सकें।

■ **2 लाख करोड़ की खाद सब्सिडी अब सीधे किसान के खाते में पहुंचे**

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार खाद पर लगभग 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दे रही है, ताकि किसान को 2400 रुपये की वास्तविक लागत वाली यूरिया की बोरी सिर्फ लगभग 265-270 रुपये में मिल सके। उन्होंने कहा कि इस बात पर विचार होना चाहिए कि इतनी बड़ी सब्सिडी यदि सीधे किसानों के खातों में डीबीटी के रूप में दी जाए तो किसान स्वयं तय कर सकेगा कि कौनङ्गसा उर्वरक कितनी मात्रा में खरीदना है, और यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि सब्सिडी का वास्तविक लाभार्थी वही अन्नदाता हो जो खेत में खाद डाल रहा है।

■ **विकसित कृषि संकल्प अभियान :** लैब से खेत तक वैज्ञानिकों की सीधी पहुँच का अप्रैल में फिर चलेगा अभियान

आगे की रणनीति पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने विकसित कृषि संकल्प अभियान का विशेष उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत वैज्ञानिकों की टीमें गांवङ्गगांव जाकर किसानों को नई शोध उपलब्धियों, रोगङ्गकीट प्रबंधन, इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल और एक्सपोर्ट क्वालिटी वैरायटीज़ के बारे में प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से जागरूक करेंगी।

उन्होंने कहा कि इस अभियान को खरीफ से पहले अप्रैल से समयबद्ध रूप से चलाया जाएगा, जिससे किसान समय रहते वैज्ञानिक सलाह और बेहतर बीजङ्गतकनीक का लाभ उठा सकें।

पूसा कृषि विज्ञान मेले को श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों का राष्ट्रीय महाकुंभ बताते हुए कहा कि यह आयोजन केवल प्रदर्शनी भर नहीं, बल्कि देशभर के किसानों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों और नीतिङ्गनिर्माताओं का ऐसा बड़ा संगम है जहाँ प्रयोगशाला की शोध सीधे खेतों तक पहुँचती है और पूरे भारत के लिए विकसित, आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि का रोडमैप तैयार होता है। उन्होंने इस मेले को अगले साल से व्यापक रूप में आयोजित करने के लिए IARI को दिशा-निर्देश दिए।



# खाटू श्याम फाल्गुन मेला

हर साल राजस्थान के सीकर जिले के खाटू धाम में भगवान श्याम बाबा के स मान में मेला लगाया जाता है। इस मेले में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

ये मेला फाल्गुन मास में लगता है, इसलिए इसे फाल्गुन लक्खी मेला भी कहते हैं। फाल्गुन मेला सिर्फ एक मेला नहीं है, यह आस्था, विश्वास और भक्ति का महासंगम माना जाता है।

श्याम भक्तों के लिए इसका आध्यात्मिक महत्त्व बहुत गहरा है। मान्यता है कि फाल्गुन शुक्ल एकादशी के दिन ही बर्बरीक जी का शीश खाटू में प्रकट हुआ था।

इसी कारण फाल्गुन महीने में बाबा श्याम की विशेष कृपा मानी जाती है। कहा जाता है कि इस समय सच्चे मन से मांगी गई मन्नत अवश्य पूरी होती है।

राजस्थान के सीकर शहर से करीब 45 किमी. दूर खाटू श्याम जी का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां हर रोज हजारों की सं या में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती है। धार्मिक मान्यता है कि यहां जो लोग दर्शन करने लिए लिए आते हैं, उनके जीवन की सभी परेशानी दूर होती है।

खाटू श्याम जी का प्रसिद्ध मेला इस वर्ष 21 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। इस मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम के दर्शन के लिए आते हैं। मेले में पहुंचने के लिए देशभर से जयपुर पहुंचने के कई साधन आसानी से मिल जाते हैं। जयपुर आने के बाद यहां से खाटू श्याम जी पहुंचने के लिए प्राइवेट कैब ली जा सकती है। जयपुर से कई बसें चलती हैं, जो सीधे खाटू श्याम जी तक पहुंचा देती हैं। खाटू श्याम धाम का करीबी रेलवे स्टेशन रिंगस है।

मेले की खास बात- फाल्गुन लक्खी मेले के दौरान खाटू श्याम जी के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, जागरण और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। श्रद्धालु श्याम कुंड में पवित्र स्नान करते हैं। जिसके बारे में मान्यता है कि इसमें उपचार करने की शक्तियां हैं। मेले में एक भव्य जुलूस भी निकाला जाता है। जिसमें खाटू श्याम जी की मूर्ति को रथ पर सवार कर गांव के चारों ओर घुमाया जाता है।

भक्तों की आस्था-खाटू श्याम जी को हारे का सहारा भी कहा जाता है। क्योंकि मान्यता है कि वे अपने भक्तों की सभी परेशानियों को दूर करते हैं।

मेले के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु खाटू पहुंचते हैं और बाबा श्याम के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

भक्तजन बाबा खाटू का ध्वज लेकर पैदल यात्रा करते हैं और मंदिर में इसे अर्पित करते हैं। जो गहरी आस्था का प्रतीक है।

पौराणिक कथा-हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा, श्याम बाबा को कलियुग के देवता कहा जाता है। खाटू श्याम जी की कथा महाभारत से जुड़ी है। खाटू श्याम जी का मूल नाम बर्बरीक है। बर्बरीक पांडव पुत्र भीम के पोते और घटोत्कच के पुत्र थे। जब महाभारत युद्ध शुरू हो रहा था, उस समय बर्बरीक को अपनी माता से महाभारत युद्ध के बारे में मालूम हुआ। बर्बरीक ने भी युद्ध में जाने की बात कही, तो उनकी माता ने कहा कि युद्ध में जो भी पक्ष कमजोर होगा, तुम उसकी ओर से युद्ध लड़ना। माता की आज्ञा के बाद बर्बरीक युद्ध में भाग लेने चल दिए। बर्बरीक को तीन बाण धारी भी कहते हैं, क्योंकि उनके पास तीन दिव्य बाण थे जो कि अभेद थे यानी ये बाण अपना लक्ष्य भेदकर वापस बर्बरीक के तरकश में लौट आते थे। बर्बरीक इन तीन बाणों की वजह से अजय यौद्धा थे। जब वे महाभारत युद्ध भूमि की ओर जा रहे थे, तो उनकी भेंट श्रीकृष्ण से हुई।

बर्बरीक ने श्रीकृष्ण को बताया कि वे कमजोर पक्ष की ओर से युद्ध करेंगे। श्रीकृष्ण जानते थे कि युद्ध में कौरव पक्ष की हार होगी और अगर बर्बरीक कौरव पक्ष की ओर से युद्ध लड़ेगा, तो पांडव युद्ध जीत नहीं सकेंगे और धर्म की हार हो सकती है।

पांडवों को और धर्म की जीत के लिए श्रीकृष्ण ने बर्बरीक से उनका कटा हुआ सिर दान में मांग लिया। बर्बरीक श्रीकृष्ण को अपना सिर देने के लिए तैयार हो गए, लेकिन उन्होंने कहा कि मैं यह पूरा युद्ध देखना चाहता हूं। श्रीकृष्ण इस बात के लिए तैयार हो गए।

बर्बरीक ने अपना सिर काटकर श्रीकृष्ण को दान कर दिया। श्रीकृष्ण ने एक ऊंचे स्थान पर बर्बरीक का सिर रख दिया, जहां वे महाभारत का पूरा युद्ध देख सके।

बर्बरीक की दानवीरता से प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने बर्बरीक को अपना नाम श्याम वरदान के रूप में दिया और कहा कि कलियुग में तुम मेरे नाम से ही पूजे जाओगे। खाटू श्याम जी का धाम वही स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने बर्बरीक का कटा सिर रखा था।

# होलाष्टक : होली के आने की पूर्व सूचना

होलाष्टक शब्द होली और अष्टक दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसका भावार्थ होता है- होली के आठ दिन। इसकी शुरुआत होलिका दहन से सात दिन पहले और होली खेले जाने वाले दिन के आठ दिन पहले होती है और धुलेंडी के दिन से इसका समापन हो जाता है। यानी कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक होलाष्टक रहता है। अष्टमी तिथि से शुरू होने के कारण भी इसे होलाष्टक कहा जाता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि हमें होली आने की पूर्व सूचना होलाष्टक से प्राप्त होती है। इसी दिन से होली उत्सव के साथ-साथ होलिका दहन की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं।



होलिका पूजन करने के लिए होली से आठ दिन पहले होलिका दहन वाले स्थान को गंगाजल से शुद्ध कर उसमें सूखे उपले, सूखी लकड़ी, सूखी घास व होली का डंडा स्थापित किया जाता है। जिस दिन यह कार्य किया जाता है, उस दिन को होलाष्टक प्रार भ का दिन कहा जाता है। होलाष्टक के शुरुआती दिन में ही होलिका दहन के लिए 2 डंडे स्थापित किए जाते हैं, जिसमें से एक को होलिका तथा दूसरे को प्रह्लाद माना जाता है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार जिस क्षेत्र में होलिका दहन के लिए डंडा स्थापित हो जाता है, उस क्षेत्र में होलिका दहन तक कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता, अन्यथा अमंगल फल मिलते हैं, क्योंकि होलिका दहन की परंपरा को सनातन धर्म को मानने वाले सभी मानते हैं। इसलिए होलाष्टक की अवधि में हिंदू संस्कृति के कुछ संस्कार और शुभ कार्यों की शुरुआत वर्जित है। लेकिन किसी के जन्म और मृत्यु के पश्चात किए जाने वाले कृत्यों की मनाही नहीं की गई है। तभी तो कई स्थानों पर धुलेंडी वाले दिन ही अन्नप्राशन संस्कार की पर परा है।

अत: प्रसूतिका सूतक निवारण, जातकर्म, अंत्येष्टि आदि संस्कारों की मनाही नहीं की गई है। देश के कई हिस्सों में होलाष्टक नहीं मानते। लोक मान्यता के अनुसार कुछ तीर्थस्थान जैसे शतरुद्रा, विपाशा, इरावती एवं पुष्कर सरोवर के अलावा बाकी सब स्थानों पर होलाष्टक का अशुभ प्रभाव नहीं होता है। इसलिए अन्य स्थानों में विवाह इत्यादि शुभ कार्य बिना परेशानी हो सकते हैं। फिर भी शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक की अवधि में शुभ कार्य वर्जित हैं। अत- हमें भी इनसे बचना चाहिए।

> **कथा**
>
> पौराणिक कथा के अनुसार होलिका दहन से 8 दिन पहले यानी कि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद को उनके पिता हिरण्यकशिपु ने बहुत प्रताड़ित किया था। प्रह्लाद को श्रीहरि की भक्ति से दूर करने के लिए हिरण्यकशिपु ने सात दिनों तक कई यातनाएं दी थीं। आठवें दिन हिरण्यकशिपु की बहन होलिका ने अपनी गोद में बिठाकर प्रह्लाद को भस्म करने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम हुई।

■ **कार्य निषेध**

होलाष्टक मु य रूप से पंजाब और उत्तरी भारत में मनाया जाता है। होलाष्टक के दिन से एक ओर जहां उपरोक्त कार्यों का प्रारंभ होता है, वहीं कुछ कार्य ऐसे भी हैं जिन्हें इस दिन से नहीं किया जाता है। यह निषेध अवधि होलाष्टक के दिन से लेकर होलिका दहन के दिन तक रहती है। अपने नाम के अनुसार होलाष्टक होली के ठीक आठ दिन पूर्व शुरू हो जाते हैं। होलाष्टक के मध्य दिनों में 16 संस्कारों में से किसी भी संस्कार को नहीं किया जाता है। यहां तक कि अंतिम संस्कार करने से पूर्व भी शान्ति कार्य किए जाते हैं। इन दिनों में 16 संस्कारों पर रोक होने का कारण इस अवधि को शुभ नहीं माना जाता है।

■ **होलिका दहन**

होलिका पूजन करने के लिए होली से आठ दिन पहले होलिका दहन वाले स्थान को गंगाजल से शुद्ध कर उसमें सूखे उपले, सूखी लकड़ी, सूखी घास व होली का डंडा स्थापित कर दिया जाता है। जिस दिन यह कार्य किया जाता है, उस दिन को होलाष्टक प्रारंभ का दिन भी कहा जाता है। जिस गांव, क्षेत्र या मौहल्ले के चौराहे पर पर यह होली का डंडा स्थापित किया जाता है। होली का डंडा स्थापित होने के बाद संबंधित क्षेत्र में होलिका दहन होने तक कोई शुभ कार्य संपन्न नहीं किया जाता है। सबसे पहले इस दिन, होलाष्टक शुरू होने वाले दिन होलिका दहन स्थान का चुनाव किया जाता है। इस दिन इस स्थान को गंगाजल से शुद्ध कर, इस स्थान पर होलिका दहन के लिए लकडि ां एकत्र करने का कार्य किया जाता है।

इस दिन जगह-जगह जाकर सूखी लकड़ियां विशेषकर ऐसी लकडि ां जो सूखने के कारण स्वयं ही पेड़ों से टूटकर गिर गई हों, उन्हें एकत्र कर चौराहे पर एकत्र कर लिया जाता है। होलाष्टक से लेकर होलिका दहन के दिन तक प्रतिदिन इसमें कुछ लकडि ां डाली जाती हैं। इस प्रकार होलिका दहन के दिन तक यह लकडि ों का बड़ा ढेर बन जाता है। इस दिन से होली के रंग फिजाओं में बिखरने लगते हैं अर्थात होली की शुरुआत हो जाती है। बच्चे और बड़े इस दिन से हल्की फुलकी होली खेलनी प्रारंभ कर देते हैं।

# केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ली विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों की वर्चुअल बैठक

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक कर राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) और कृषि उन्नति योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि एक ओर केंद्र सरकार पीएम-आशा के तहत रबी 2026 सीजन में चना, सरसों और मसूर की बड़े पैमाने पर खरीद कर किसानों को मजबूत मूल्य समर्थन दे रही है, वहीं दूसरी ओर राज्यों को उपलब्ध कराए गए फंड का हर रुपया समय पर और कुशलतापूर्वक किसानों के कल्याण पर खर्च होना चाहिए।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, उत्तराखंड, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, राजस्थान, केरल, मध्य प्रदेश और हरियाणा राज्यों के साथ राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) और कृषि उन्नति योजना की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, यह आवश्यक है कि केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को जो राशि दी गई है, उसका उपयोग समय पर, ठीक से और किसानों के हित में सर्वश्रेष्ठ ढंग से किया जाए।

बैठक में राज्य-वार और योजना-वार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई और श्री चौहान ने सभी राज्यों से आग्रह किया कि वे आवंटित धनराशि को तेजी से और पूर्ण रूप से व्यय करें, ताकि 31 मार्च तक पूरी राशि किसानों के कल्याण, कृषि अवसंरचना और उत्पादकता बढ़ाने में उपयोग हो सके। उन्होंने बताया कि कृषि उन्नति और आरकेवीवाई के तहत कुल 18 योजनाएं लागू हैं और केंद्र सरकार चाहती है कि इन योजनाओं का ठोस लाभ गांव-गांव और खेत-खेत तक पहुंचे।

श्री चौहान ने कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के माध्यम से किसानों को मूल्य समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम-आशा के अंतर्गत मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य कमी भुगतान योजना (पीडीपीएस), बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) शामिल हैं, जिनका व्यापक उद्देश्य किसानों की कृषि उपज के लिए सुनिश्चित और लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराना, उनकी आय की रक्षा करना और बाजार में उतार-चढ़ाव के खिलाफ उनकी आजीविका को सुरक्षित रखना है।

शिवराज सिंह ने बताया कि पीएसएस तब लागू की जाती है, जब अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा के बाजार मूल्य चरम कटाई अवधि के दौरान अधिसूचित एमएसपी से नीचे चले जाते हैं, ताकि किसानों को लाभकारी मूल्य दिया जा सके। रबी 2026 सीजन हेतु मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में 7,61,250 मीट्रिक टन, गुजरात में 4,13,250 मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश में 5,80,000 मीट्रिक टन तथा राजस्थान में 5,53,000 मीट्रिक टन चना खरीद की स्वीकृति दी गई है।

इसी प्रकार, रबी 2026 सीजन के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत राजस्थान में 13,78,750 मीट्रिक टन तथा गुजरात में 1,33,000 मीट्रिक टन सरसों की

हमारी सरकार ईमानदारी से पंजाब के लोगों का एक-एक पैसा लोगों की भलाई और तरक्की पर खर्च कर रही है

# अकाली और कांग्रेस सरकारों ने पंजाब के बच्चों को जानबूझकर अनपढ़ रखा : भगवंत मान

**मानसा/सत्ता संदेश**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि अकाली और कांग्रेस के दशकों के शासन ने जानबूझकर पंजाब के बच्चों को अनपढ़ रखा, जबकि राजनीतिक परिवार फलते-फूलते रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन पार्टियों को कभी भी लोगों की तरक्की की चिंता नहीं थी, बल्कि सिर्फ अपनी बेटियों-बेटों और रिश्तेदारों के लिए सत्ता हासिल करने की चिंता थी। सरदूलगढ़ में सरकारी आई.टी.आई., जो हर साल 240 विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाएगी, का नींव पत्थर रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अब चुनाव सपना पूरा करने के लिए दूसरी पार्टियों के दलबदलुओं पर निर्भर कर रही है लेकिन पंजाब ने अलग रास्ता चुना है।



पंजाब सरकार द्वारा सरकारी खजाने का एक-एक पैसा ईमानदारी से लोगों की भलाई और तरक्की पर खर्च करने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ऐलान किया कि 'आप' सरकार, पंजाब विकास के लिए नए इंजन पर चल रही है, जबकि भाजपा, अकाली दल और कांग्रेस के इंजन पुराने हो चुके हैं और सूबे को आगे बढ़ाने के सक्षम नहीं हैं।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷अकाली दल खुद एक डायनासोर है, जिसने राज्य और इसके लोगों की कमाई को हड़प लिया। जहां 'आप' सरकार पंजाबी नौजवानों को डॉक्टर और इंजीनियर बनाकर भविष्य के लिए तैयार करने के लिए सख्त प्रयास कर रही है, वहीं अकाली दल राज्य के नौजवानों को डायनासोर युग में वापस खींचने पर तुला हुआ है।

उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि डायनासोर मनुष्यों के लिए घातक थे। उन्होंने कहा कि डायनासोर अकालियों का पसंदीदा जानवर है क्योंकि अकालियों ने भी पंजाब और पंजाबियों की मेहनत की कमाई खाई है। उन्होंने कहा, लोग कभी भी ऐसे नेताओं को नहीं चुनेंगे, जिन्होंने राज्य को बर्बाद किया है और अपनी घिनौनी हरकतों से हमारी पीढ़ियों को हड़प लिया है।

अकाली दल की पंजाब बचाओ यात्रा पर व्यंग्य कसते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अकाली दल की इस चाल का असली नाम 'परिवार बचाओ यात्रा' है। उन्होंने कहा, ÷मैं अकाली नेताओं को चुनौती देता हूं कि वे यह बताएं कि 15 साल राज्य को लूटने के बाद वे राज्य को किससे बचाने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों ने अकालियों को चुना था लेकिन वे गद्दार साबित हुए और हमेशा सूबे और इसके लोगों की पीठ में छुरा घोंपा है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लोगों को याद दिलाया कि जब समूची किसानी अपने हकों के लिए लड़ रही थी तब अकालियों ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में अपनी कुर्सी बचाने खातिर काले कृषि कानूनों पर मोदी सरकार का समर्थन किया था।

## पंजाब सरकार ने वाछिंत अपराधियों और गैंगस्टरों पर शिकंजा कसने के लिए नई इनाम नीति को किया नोटीफाई

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा- निर्देशों पर पंजाब को गैंगस्टर मुक्त बनाने के लिए शुरु किए %गैंगस्टरां ते वार% मुहिम को ओर मजबूत करते, पंजाब सरकार ने आज वाछिंत अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पंजाब की इनाम नीति को नोटीफाई हो गई है जिसके साथ फील्ड अधिकारी और विंग के प्रमुख ( एसडीजीपी/ एडीजीपी) अधिकारित तौर पर उन लोगों जिनकी तरफ से दी गई जानकारी के साथ अपराधियों की गिरप्तारी होती है, या फिर असाधारण कार्यवाहियां करने वाले पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को इनाम दे सकेंगे।

जिक्रयोग्य है कि इस नीति को मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब कैबिनेट द्वारा सोमवार को परवानगी दी गई थी। इस नीति का उद्देश्य इनाम देने के लिए एक पारदर्शी और योजनाबद्ध विधि को यकीनी बनाना, सूचना देने वालों को प्रेरित करना और जरुरी अपराधियों को पकड़ने में कानून लागूकरन वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के यत्नों को मान्यता देना है। डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने कहा, ÷ इस नीति के अंतर्गत, एसएसपी को 1 लाख रुपए तक, सीपी और आईजीपी/ डीआईजी रेंजों को 1.5 लाख रुपए तक, विंग के मुखिया को 2 लाख रुपए तक के इनाम देने के लिए अधिकारित किया गया, जब कि डीजीपी पंजाब 2 लाख रुपए से अधिक के इनाम मंजूर कर सकते है। इस नीति का उदेश्य लोगों और पुलिस कर्मचारियों दोनों को भरोसेयोग्य और कारवाईयोग्य जानकारी प्रदान करने के लिए उत्साहित करना है जिससे कानून से बचने वाले अपराधियों की पहचान, उनके स्थान का पता लगाने और गिरफ्तारी की जा सके। इसमें जरुरी अपराधियों का व्यापक नैटवर्क शामिल है।

## पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरियास राज्यों की रैंकिंग में हिमाचल फ्रंट रनर

**शिमला/सत्ता संदेश** : अनुसूचित आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम सभा को ताकत प्रदान करने वाले अधिकार पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरियास (पेसा) राज्यों में शामिल हिमाचल को पेसा रैंकिंग में फ्रंट रनर के तौर पर आंका गया है और राज्य ने तीसरा स्थान हासिल किया है। पंचायती राज मंत्रालय की ओर से पेसा राज्यों की जारी की रैंकिंग में यह खुलासा हुआ है। रैंकिंग में महाराष्ट्र पहले और मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा है। वर्ष 2024-25 के लिए पेसा राज्यों की यह रैंकिंग जारी हुई है। अहम है कि पेसा कानून को देश के दस राज्यों में लागू किया गया है। यह पहला मौका है, जब इस अधिनियम के तहत शामिल राज्यों की स्थितियों का आकलन कर इनकी रैंकिंग जारी की गई है। इसके पीछे मंत्रालय का तर्क है कि पेसा रैंकिंग एक वार्षिक अ यास होगी, जिससे अनुसूचित क्षेत्रों में स्वशासन को मजबूत करने की भावना से राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# जबरन वसूली से संबंधित गोलीबारी की घटनाओं में शामिल दो बी.के.आई. कारकुन जालंधर से गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपियों ने जबरन वसूली के लिए गढ़शंकर इलाके में दो बार की गोलीबारी : डीजीपी गौरव यादव

**चंडीगढ़/जालंधर/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, काउंटर इंटेलीजैंस (सीआई) जालंधर ने जबरन वसूली से संबंधित गोलीबारी की घटनाओं में शामिल बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) द्वारा समर्थित एक मॉड्यूल के दो मुख्य कारकुनों को एक .32 बोर पिस्तौल, मैगजीन और आठ कारतूसों सहित गिरफ्तार करके इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सुखविंदर सिंह उर्फ सन्नी और रावल दोनों निवासी गांव कुलम, एसबीएस नगर के तौर पर हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि शुरूआती जांच




से पता लगा है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अपने विदेशी हैंडलरों - गोपी नवांशाहरीया, जस्सी कुलम और सुशांत चोपड़ा - जो बीकेआई से जुड़े हुए है, के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच के अनुसार, आरोपियों ने जबरन वसूली के लिए गढ़शंकर क्षेत्र में एक ट्रैवल एजेंट के घर पर दो बार गोलीबारी की थी। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए, उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीआई जालंधर की टीमों ने जालंधर-अमृतसर हाईवे से जालंधर के सूरानस्सी में लिधड़ां अंडरब्रिज के नजदीक बीकेआई से जुड़े दोनों आरोपियों को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। डीजीपी ने बताया कि इस मॉड्यूल के आगे-पिछले संबंधों का पता लगाने और इसके अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए जांच जारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां एवं बरामदगी होने की संभावना है।

# संक्षिप्त खबरें

### पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य विजय दत्त की ओर से 'मेरी रसोई' योजना खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में अनुकरणीय कदम करार

**चंडीगढ/सत्ता संदेश** : पंजाब सरकार द्वारा घोषित 'मेरी रसोई' योजना के अंतर्गत 40 लाख परिवारों को नि:शुल्क राशन किट प्रदान करने के निर्णय का स्वागत करते हुए पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य विजय दत्त ने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की भावना के अनुरूप खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अनुकरणीय कदम है। उन्होंने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र लाभार्थियों को उनका खाद्य अधिकार समय पर और उचित गुणवत्ता के साथ प्राप्त हो। इस संदर्भ में 'मेरी रसोई' योजना के तहत तिमाही आधार पर दी जाने वाली राशन किटें राज्य में पोषण स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगी।

### 50000 रुपए रिश्वत की मांग करने वाला सरपंच विजीलैंस ब्यूरो ने किया काबू

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : मुख्य मंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा अपनाई गई जीरो टालरैंस नीति के अंतर्गत पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गांव देवीनगर (अभरावन) ि?ला एस.ए.एस. नगर के सरपंच गुरचरन सिंह को 50000 रुपए रिश्वत की मांग करने के दोष में गिरफ्तार किया है। आज यहां यह जानकारी देते राज्य विजीलैंस ब्यूरो के वक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी मुख्य मंत्री के भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाईन पोर्टल पर दर्ज शिकायत के बाद अमल में लाई गई है। शिकायत की पड़ताल दौरान यह बात सामने आई कि जिला एसएएस नगर के गांव देवीनगर (अभरावन) के सरपंच गुरचरन सिंह ने शिकायतकर्ता का ट्रैक्टर, जो पुलिस के पास जब्त था, को थाना बनूड़ से छुडवाने के बदले 100000 रुपए रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता के बार-बार विनती करने पर दोषी सरपंच के साथ सौदा 50000 रुपए में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने रिश्वत सम्बन्धित पूरी बातचीत रिकार्ड कर ली थी। इस सम्बन्धित दोषी विरुद्ध भ्रष्टाचार रोकू कानून के अंतर्गत विजीलैंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन एसएएस नगर रेंज में मामला दर्ज किया गया है। वक्ता ने आगे कहा कि इस मामले की आगे वाली जांच जारी है।

### इंग्लैंड में काम न मिलने से परिवारों सहित आए लोग बेबसी भरी जिंदगी जीने के लिए मजबूर

**इंग्लैंड/सत्ता संदेश** : इंग्लैंड में सुनहरे भविष्य की उम्मीद लेकर लाखों रुपये खर्च कर अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों व विशेषकर पंजाब से केयर वर्कर वीजा पर ब्रिटेन पहुंचे परिवारों के लिए हालात दिन-प्रतिदिन मुश्किल होते जा रहे हैं। कई परिवार आज काम की कमी, महंगाई व इमिग्रेशन नियमों की सख्त के कारण बेबसी भरी जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं। इंग्लैंड में 2025 के दौरान इमिग्रेशन व उच्च शिक्षा से संबंधिक आंकड़ों ने यह स्पष्ट किया है। सरकारी डाटा के अनुसार 2025 में यू.के. में करीब 5.5 से 6 लाख अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी दर्ज हुए, जो पिछले वर्ष से कम हैं, जबकि भारत से आए विद्यार्थियों की संख्या लगभग 1.2 लाख के आसपास रही। आश्रितों पर पाबंदियां व अधिकतर वित्तीय सबूतों की शर्त के कारण नए आवेदनों में करीब 20 प्रतिशत कमी दर्ज की गई, जबकि लगभग 1.5 से 2 लाख विद्यार्थी व उनके पारिवारिक सदस्य वर्ष के दौरान यू.के. छोड़ गए। अधिक फीस (12 से 20 हज़ार पौंड वार्षिक), 800 से 1200 पौंड मासिक किराया व सीमित पार्ट टाइम नौकरियों के कारण कई विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई जारी रखना भी मुश्किल हो गया है। दूसरी ओर केयर सैक्टर में भी हालात चिंताजनक बने हुए हैं। स्वास्थ्य व केयर वर्कर वीजा की मंजूरियों में कमी देखने को मिले और कई स्पॉन्सर कम्पनियों के लाइसैंस रद्द होने के कारण हजारों वर्कर प्रभावित हुए।

### पंजाबी 'कड़ा' था, जिसने उस भारतीय-अमेरिकी वकील को ताकत प्रदान की

**न्यूयार्क/सत्ता संदेश** : अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक प्रभाव वाले वैश्विक टैरिफ को निरस्त करने संबंधी ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल के वकील हैं, जिन्होंने अमेरिका की शीर्ष अदालत में इन शुल्कों की अवैधता के खिलाफ दलील दी। किसने सोचा होगा कि ट्रंप के व्यापक टैरिफ के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के पीछे कहीं एक पारंपरिक पंजाबी %कड़ा' था, जिसने उस भारतीय-अमेरिकी वकील को ताकत प्रदान की। उसी ने स्थिति को पलटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय प्रवासी के पुत्र और राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में पूर्व अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल रहे नील कात्याल ने छोटे व्यवसायों की ओर से इस महत्वपूर्ण टैरिफ मामले में बहस की व जीत हासिल की। फैसला आने के तुरंत बाद कात्याल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि विजय। कात्याल ने एमएस नाउ के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि आज जो कुछ हुआ है वह अमेरिकी प्रणाली में बेहद खास है। मैं प्रवासी माता-पिता का बेटा हूं, मैं अदालत में गया और अमेरिका के छोटे व्यवसायों की ओर से यह दलील दी, %देखिए, राष्ट्रपति अवैध तरीके से काम कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि मैं अपना पक्ष रखने में सक्षम था, उन्होंने मुझसे बेहद कठिन सवाल पूछे। यह बहुत ही तीखी और गहन मौखिक बहस थी, और अंत में उन्होंने मतदान किया और हम जीत गए।

# डा. बलबीर सिंह ने नए पदउन्नत हुए एसएमओ के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण प्रोग्राम की शुरुआत की

- सेहत मंत्री ने जनतक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में एसएमओ को अग्रणी भूमिका निभाने के लिए कहा
- एसएमओ को मुख्यमंत्री सेहत योजना सहित प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावशाली ढंग के साथ लागू करने को यकीनी बनाने के दिए निर्देश

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार भलाई मंत्री डा.बलबीर सिंह ने आज नए पदउन्नत हुए सीनियर मैडीकल अधिकारियों ( एस.एम.ओ.) के लिए व्यापक दो-दिवसीय सामर्थ्य निर्माण प्रशिक्षण प्रोग्राम का उद्घाटन किया, जिसमें जिला और ब्लाक स्तर पर जनतक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली प्रणाली को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका पर ?ौर दिया गया।



अधिकारियों को उनकी पदउन्नती पर बधाई देते डा.बलबीर सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण विशेष तौर पर उनकी प्रशासकीय, प्रबंधीकय और प्रोग्राम लागू करने की सामर्थ्य को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया है जिससे यह यकीनी बनाया जा सके कि वह अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरे विश्वास और कुश्लता के साथ निभा सकें। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रमुख स्वास्थ्य पहलकदमियों की सफलता जमीनी स्तर पर इन अधिकारियों के नेतृत्व, निगरानी और वचनबद्धता पर निर्भर करती है।

स्वास्थ्य मंत्री ने एसएमओ को मुख्य मंत्री सेहत योजना (एमएमएसवाई) सहित प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावशाली लागू करने को यकीनी बनाने के निर्देश देते एमएमएसवाई के अंतर्गत लाभपातरियों के 100 प्रतिशत नामांकन और समय पर कार्ड बनाने को यकीनी बना कर प्रगति की नजदीक से निगरानी करने को कहा।

## सरकारी स्कूलों में लग रहे प्रीपेड मीटरों से अध्यापक परेशान

**पटियाला/सत्ता संदेश**

बिजली निगम द्वारा सरकारी संस्थानों में प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया को दिन-प्रतिदिन तेज किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के कारण अधिकतर सरकारी विभागों को बिजली सप्लाई को चालू रखने के लिए अफरा-तफरी मच गई है क्योंकि अधिकतर सरकारी विभाग ऐसे हैं जिनकी ओर बिजली निगम के लाखों के बिजली बिल पेंडिंग हैं और अब यदि सरकार द्वारा प्रीपेड मीटर लगा दिए गए तो यह मीटर रीचार्ज करने के बाद ही बिजली सप्लाई दे सकेंगे परंतु यहां सवाल पैदा होता है कि जिन सरकारी विभागों की ओर कई महीनों के बिजली बिल बकाया पड़े हैं उनमें प्रीपेड मीटर लगाने से पहले क्या उनके पुराने बिजली बिलों के बकाये उक्त संस्थानों द्वारा बिजली निगम को भरे जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो इससे बिजली निगम की ओर सरकारी विभागों की बकाया करोड़ों की राशि बिजली से निगम को बड़ा मुनाफा मिलेगा, परंतु दूसरी ओर यदि ऐसा न हुआ तो जिन संस्थाओं की सप्लाई यकीनी रखना मुश्किल हो जाएगी। इस संबंधी बातचीत करते हुए विभिन्न सरकारी स्कूलों के अध्यापकों का कहना है कि अधिकतर स्कूलों में पोस्टपेड मीटर होने के कारण लाखों रुपए के बिजली बिल बकाया पड़े हैं जिनकी अभी तक ओर बकाया खड़े हैं उनमें बिजली भरपाई नहीं की गई, परंतु जरूरी सुविधाओं में आने के कारण बिजली निगम द्वारा स्कूलों के बिजली कनैक्शन नहीं काटे जाते परंतु यदि अब यह प्रीपेड मीटर लगने के बाद यदि मीटर रीचार्ज न हुआ तो स्कूलों की बिजली तुरंत कट जाया करेगी और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर बड़ा असर पड़ेगा।

## एंट्री टैक्स वृद्धि को लेकर पंजाब व हिमाचल के लोगों ने किया प्रदर्शन

**रोपड़/सत्ता संदेश**


पंजाब और हिमाचल प्रदेश के लोगों ने हिमाचल के बाहर रजिस्टर्ड गाड़ियों पर एंट्री टैक्स में भारी बढ़ोतरी का विरोध जताया। दोनों प्रदेशों के लोग एकता का अनोखा प्रदर्शन कतरे हुए ऊना जिले के मेहतपुर एंट्री टोल बैरियर पर एकत्रित हुए। यह पंजाब-हिमाचल बॉर्डर के दोनों ओर रहने वाले लोगों के बीच सांझा सामाजिक और आर्थिक संबंधों को भी दिखाता है। हिमाचल सरकार ने हाल ही में राज्य के बाहर रजिस्टर्ड गाड़ियों के लिए एंट्री टैक्स 70 रुपये से बढ़ाकर 170 रुपये कर दिया है। इससे रोजाना आने-जाने वाले लोगों, व्यापारियों, वकीलों, कर्मचारियों और उन परिवारों में गुस्सा है जो काम, पढ़ाई, हेल्थकेयर और सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए अकसर बॉर्डर पार करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने हिमाचल में सुखविंदर सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारे लगाए और बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने की मांग की। पंजाब की तरफ से, विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेता एवं नंगल काउंसिल के सदस्य परमजीत सिंह पम्मा और भाजपा नेता राकेश पम्मी ने किया। हिमाचल की तरफ से, प्रदर्शनकारी ऊना के भाजपा विधायक सतपाल सत्ती के नेतृत्व में इकट्ठा हुए। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, पंजाब भाजपा के वाइस-प्रेसिडेंट सुभाष शर्मा ने कहा कि राजनीतिक सीमाएं उन लोगों के लिए दीवार नहीं बननी चाहिए, जो पीढ़ियों से एक परिवार की तरह रह रहे हैं।

# सिख संस्थाओं को बाहर से नहीं, अंदर बैठे लोग ही तबाह कर रहे हैं : ज्ञानी हरप्रीत सिंह

हम यहां श्री अकाल तख्त साहिब के सिद्धांत पर पहरा देने के लिए इकट्ठे हुए हैं : वडाला

**लांबड़ा/सत्ता संदेश**

शिरोमणि अकाली दल (पुनर्सुरजीत) की जिला जत्थेबंदी की विशेष बैठक जालन्धर के प्रतापपुरा की अनाज मंडी में हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि हमारी सिख संस्थाओं को बाहर से नहीं बल्कि संस्था के अंदर बैठे लोगों द्वारा तबाह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पंथ की चुनी हुई प्रतिनिधित्व संस्था थी, जिसके सिपाही शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ता थे, परंतु आज इस संस्था के अध्यक्ष जिसे पंथ ने जरनैल बनाया था, कह रहा है कि अकाली दल का वह शिरोमणि अकाली दल का सिपाही है। ऐसे सिपाही के नेतृत्व में संस्था में घोटाले हो रहे हैं, परंतु वह कुछ भी नहीं कर पा रहे। श्री हरिमंदिर साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी रघबीर सिंह व अन्य ने सामने आकर, शिरोमणि कमेटी पर लग रहे आरोपों की पुष्टि की उनके पद का सम्मान करते हुए शिरोमणि कमेटी को चाहिए था कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को गम्भीरता से लेते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच करवाई जाती, परंतु कमेटी अध्यक्ष ने उलटा उन्हें ही नोटिस भेजकर सबूत देने के लिए कह दिया। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि उनके द्वारा उठाए गए जमीन घोटालों संबंधी सफाई देने की बजाय कमेटी द्वारा उन्हें माफी मांगने के लिए कहा जा रहा है, जबकि वह प्रैस कान्फ्रैंस के दौरान पत्रकारों के सामने सभी सबूत रख चुके सबूत रख चुके हैं।



बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी के महासचिव जत्थेदार गुरप्रताप सिंह वडाला ने कहा कि हम यहां श्री अकाल तख्त साहिब के सिद्धांत पर पहरा देने के लिए इकट्ठे हुए शिरोमणि अकाली दल श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों पर पुनर्सुरजीत हुआ है परंतु सिद्धांत से भगौड़े लोग अभी भी संगत को गुमराह कर रहे हैं। बैठक में हुए विशाल इकट्ठ को देखते हुए प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने कहा कि 1984 के घल्लूघारे के बाद सबसे पहले इकट्ठ दोआबा की धरती पर स्व. जत्थेदार कुलदीप सिंह वडाला ने किया था, जिससे अकाली दल मज़बूत हुआ था। आज का इकट्ठ उसी तरह विशाल है जो पुनर्सुरजीत हुए अकाली दल को मजबूती देगा। इस बैठक को पूर्व मंत्री सरवण सिंह फिल्लौर, महिंदर सिंह हुसैनपुर, हरजीत कौर तलवंडी, जरनैल सिंह गढ़दीवाल आदि ने भी सम्बोधित किया।

# पंजाब के 2027 के चुनाव से पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का दौरा क्या संकेत देता है

**लुधियाना/सराना**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का 25 और 26 फरवरी 2026 को पंजाब (पठानकोट और लुधियाना) का दौरा राजनीतिक और सामाजिक दोनों ही दृष्टियों से काफी अहम माना जा रहा है। 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में अब महज एक साल का समय बचा है, ऐसे में राजनीतिक विश्लेषक इस दौरे के कई गहरे निहितार्थ निकाल रहे हैं।

इस दौरे के मुख्य संकेत और पहलुओं को हम निम्नलिखित बिंदुओं में समझ सकते हैं-

- **आधिकारिक उद्देश्य : संघ का शताब्दी वर्ष**

आधिकारिक तौर पर, आरएसएस प्रमुख का यह दौरा संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने (शताब्दी वर्ष) के उपलक्ष्य में हो रहे देशव्यापी प्रवास का हिस्सा है।

संघ का मुख्य फोकस %पंच परिवर्तन% (सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी और परिवार प्रबोधन) के प्रति जागरूकता फैलाना है। भागवत



ने अपने बयानों में स्पष्ट किया है कि संघ सत्ता की चाह नहीं रखता, बल्कि समाज को अनुशासित और एकजुट करने का कार्य करता है।

- **2027 के चुनावों के लिहाज से राजनीतिक संकेत**

भले ही संघ खुद को एक गैर-राजनीतिक संगठन बताता है, लेकिन भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक होने के नाते इस जनसंपर्क अभियान के स्पष्ट राजनीतिक संकेत भी हैं-

भाजपा की %एकला चलो% की रणनीति- शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद, भाजपा 2027 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की योजना बना रही है। संघ प्रमुख का यह दौरा पंजाब में जमीनी स्तर पर कैडर को लामबंद करने और भाजपा के लिए एक मजबूत सामाजिक आधार तैयार करने के रूप में देखा जा रहा है। प्रभावशाली वर्गों से सीधा संवाद- इस दौरे में भागवत ने पठानकोट में पूर्व सैनिकों और युवाओं से, तथा लुधियाना में उद्योगपतियों व प्रबुद्ध नागरिकों से मुलाकात की। समाज के इन प्रभावशाली तबकोंको साधने से चुनाव में वैचारिक समर्थन जुटाने में मदद मिलती है।हरियाणा मॉडल की तर्ज पर तैयारी- हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का एक बड़ा श्रेय आरएसएस के बूथ-लेवल मैनेजमेंट और सामाजिक आउटरीच को दिया गया था। विश्लेषकों का मानना है कि पंजाब में भी संघ इसी तर्ज पर भाजपा के लिए जमीन तैयार कर रहा है।राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमावर्ती संवेदनशीलता- पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है। पठानकोट जैसे संवेदनशील इलाके में पूर्व सैनिकों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता और स्वदेशी पर जोर देना, सीमावर्ती इलाकों में राष्ट्रवाद के नैरेटिव को और मजबूत करने का संकेत देता है।

**निष्कर्ष**

मोहन भागवत के इस दौरे को पंजाब में संघ की वैचारिक जड़ों को गहरा करने और 2027 से पहले भारतीय जनता पार्टी के सोलो इलेक्शन कैंपेन के लिए एक ठोस संगठनात्मक ढांचा तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा सकता है। क्या आप पंजाब के आगामी चुनावों के परिप्रेक्ष्य में अन्य राजनीतिक दलों (जैसे आम आदमी पार्टी या कांग्रेस) की वर्तमान रणनीतियों के बारे में भी जानना चाहेंगे?

## तकनीकी सहायक को 20, 000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों किया काबू

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार विरुद्ध चल रहे अभियान दौरान, जिला जालंधर के भोगपुर स्थित एफसीआई दफ्तर में तैनात तकनीकी सहायक रूही बाला कालिया को 20, 000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है। इस सम्बन्धित जानकारी देते, राज्य विजीलैंस ब्यूरो के एक सरकारी वक्ता ने बताया कि उक्त दोषी को गुरू तेग बहादुर चावल मिल, नंगल जिदा, सब- तहसील भोगपुर, जिला जालंधर के मैनेजर की तरफ से दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिफ्तार किया गया है। इस सम्बन्धित शिकायतकर्ता ने बताया कि खरीद सीजन 2025-26 के लिए उक्त चावल मिल को धान की 49, 086 बोरियां अलाट की गई थी। अलाट की गई मात्रा में से, चावलों की 1,160 बोरियां दो खेप (प्रत्येक खेप में 580 बोरियां) एफ.सी.आई.को भेजने के लिए लम्बित थे। उन्होंने बताया कि उक्त दो खेप भोगपुर स्थित एफ.सी.आई. गोदाम में भेजी गई थी। इसके बाद, दोषी रूही बाला कालिया ने उक्त खेप को क्लीयर करने के लिए शिकायतकर्ता से 25, 000 रुपए रिश्वत की मांग की।

# डेरा ब्यास के मुखी बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों लुधियाना कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया के घर पहुंचे राजनीतिक हलचल भी तेज

**लुधियाना/सराना**

गत दिवस राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने लुधियाना में पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया के घर जाकर मुलाकात की है। इस बंद कमरे की मुलाकात के बाद पंजाब की राजनीति में वाकई खासी हलचल मच गई है।

आइए समझते हैं कि इस मुलाकात के क्या मायने हैं और यह राजनीतिक चर्चा का विषय क्यों बनी हुई है :

- **मुलाकात की मुख्य बातें**

बंद कमरे में बैठक : बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों सुबह लगभग 11 बजे मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया के लुधियाना स्थित आवास पर पहुंचे। दोनों के बीच करीब 15-20 मिनट तक बंद कमरे में बातचीत हुई।

तस्वीरें सार्वजनिक नहीं- डेरा ब्यास ने हाल ही में वीआईपी या राजनेताओं के साथ तस्वीरें सार्वजनिक न करने का फैसला लिया है, इसलिए इस मुलाकात की कोई तस्वीर जारी नहीं की गई है। मंत्री के करीबियों ने इसे महज एक ÷शिष्टाचार भेंट÷ बताया है।

- **पंजाब में राजनीतिक हलचल के मुख्य कारण**





सीएम भगवंत मान से हालिया तनाव- कुछ समय पहले डेरा प्रमुख ने नाभा जेल जाकर शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से मुलाकात की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक्स पर बिना नाम लिए डेरा प्रमुख पर एक तीखा तंज कसा था। इस टिप्पणी के बाद आम आदमी पार्टी और डेरा प्रबंधन के बीच दूरियां और असहजता बढ़ने की खबरें थीं।

आप का डैमेज कंट्रोल : सीएम की टिप्पणी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए आप के शीर्ष नेतृत्व ने अपने उन मंत्रियों (जिनमें हरदीप सिंह मुंडिया प्रमुख हैं) को डेरा प्रबंधन से तुरंत संपर्क साधने और बातचीत फिर से शुरू करने की हिदायत दी थी। मुंडिया खुद भी डेरा अनुयायी हैं और उन्हें इस विवाद को सुलझाने का जिम्मा सौंपा गया था।

भाजपा के बढ़ते प्रभाव की काट- आम आदमी पार्टी इस बात से भी चिंतित है कि पंजाब के 3 प्रमुख डेरे (जिनमें डेरा ब्यास और डेरा सच्चखंड बल्लां शामिल हैं) हाल के दिनों में भाजपा के करीब आते दिख रहे हैं। मुंडिया और बाबा जी की इस मुलाकात को डेरों को वापस अपने पक्ष में करने की आप की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। विशाल वोट बैंक- पंजाब की राजनीति में डेरा ब्यास का लाखों का वोट बैंक है। किसी भी राजनीतिक माहौल में डेरा प्रमुख का सत्ताधारी मंत्री के घर जाना एक बड़ा राजनीतिक संदेश देता है।

# शिरोमणि अकाली दल एवं भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन हो सकता है कि नहीं?

**लुधियाना/सराना**

पंजाब की 2027 विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल एवं भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन हो सकता है कि नहीं अगर नहीं तो क्यों पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए शिरोमणि अकाली दल (SAD) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) के बीच गठबंधन की संभावना काफी प्रबल है, लेकिन यह अभी तक पक्का नहीं हुआ है।

वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए, दोनों दलों के पास साथ आने के मजबूत कारण हैं, लेकिन कई बड़ी रुकावटें भी हैं। यहाँ इसका विस्तृत विश्लेषण है : गठबंधन होने की संभावना क्यों है?

- **दोनों पार्टियों को पंजाब में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए एक-दूसरे की जरूरत है :**

**आपसी अस्तित्व** : 2022 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों का प्रदर्शन कमजोर रहा। आम आदमी पार्टी (क्क) और कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए इनका साथ आना रणनीतिक मजबूरी हो सकती है।




**वोट बैंक का गणित** : अकाली दल का ग्रामीण (पंथिक/किसान) और भाजपा का शहरी (हिंदू) वोट बैंक मिलकर एक जिताऊ समीकरण बनाते थे। अलग होने पर दोनों के वोट बंट गए, जिसका फायदा विरोधियों को मिला।

- **नेताओं के संकेत :**

हाल ही में दोनों दलों के नेताओं (जैसे भाजपा के सुनील जाखड़ और अकाली दल के सुखबीर बादल) ने ऐसे संकेत दिए हैं जो नरमी का इशारा करते हैं। कई मौकों पर दोनों दल राज्य सरकार के खिलाफ एक सुर में बोलते नजर आए हैं।



अगर गठबंधन नहीं होता, तो क्यों?

- **आपने पूछा है कि अगर नहीं तो क्यों, तो इसके पीछे ये प्रमुख कारण और पेंच हो सकते हैं :**

किसानों की नाराजगी (सबसे बड़ा कारण)

- **किसान आंदोलन :**

अकाली दल का मुख्य आधार पंजाब के किसान (जाट सिख) हैं। किसान आंदोलन के कारण ही 2020 में यह गठबंधन टूटा था। संयुक्त किसान मोर्चा (स्चरू) और किसान संगठन आज भी भाजपा से नाराज चल रहे हैं।

- **अकाली दल का डर :**

अगर अकाली दल दोबारा भाजपा से हाथ मिलाता है, तो उसे डर है कि कहीं ग्रामीण वोटर (किसान) उनसे फिर से छिटक न जाएं। वे पहले यह सुनिश्चित करना चाहेंगे कि किसानों का गुस्सा शांत हो चुका हो।

- **सीटों का बंटवारा**
- **बदली हुई महत्वाकांक्षा**

पुराने गठबंधन में भाजपा छोटे भाई की भूमिका में थी और 117 में से केवल 23 सीटों पर चुनाव ल ती थी। लेकिन अब भाजपा पंजाब में अपना विस्तार करना चाहती है और वह गठबंधन में बड़ी हिस्सेदारी (ज्यादा सीटें) मांगेगी। अकाली दल की हिचकिचाहट- अकाली दल खुद को पंजाब की मुख्य क्षेत्रीय पार्टी मानता है और वह भाजपा को ज्यादा सीटें देकर अपनी पक कमजोर नहीं करना चाहेगा। यह तालमेल बैठाना बहुत मुश्किल हो सकता है।

- **वैचारिक मुद्दे**

**बंदी सिखों की रिहाई** : अकाली दल लगातार जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई का मुद्दा उठाता रहा है। इस पर केंद्र सरकार (भाजपा) के साथ उनका मतभेद गठबंधन की राह में रो ा बन सकता है।

- **आंतरिक विरोध**
- **भाजपा का एक धड़ा**

पंजाब भाजपा के कई नेता (जैसे मनोरंजन कालिया आदि) यह मानते हैं कि पार्टी को किसी के सहारे की बजाय अकेले दम पर ल कर अपनी जमीन तैयार करनी चाहिए, भले ही इसमें समय लगे।

**अकाली दल में टूट** : अकाली दल के बागी गुट (सुखदेव ढींडसा आदि) भी इस समीकरण को बिगाड़ सकते हैं।

**निष्कर्ष**

फिलहाल, गठबंधन की चर्चा पर्दे के पीछे चल रही है, लेकिन दोनों पार्टियां सही समय (Timing) का इंतजार कर रही हैं।

संभावना- 60-70 प्रतिशत (गठबंधन हो सकता है क्योंकि दोनों को एक-दूसरे की जरूरत है)।

शर्त- यह तभी होगा जब सीटों के बंटवारे पर सहमति बने और अकाली दल को यह भरोसा हो जाए कि किसानों का गुस्सा उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाएगा। आप मान सकते हैं कि चुनाव से करीब 6-8 महीने पहले (2026 के अंत तक) ही इसकी स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## बरिंदर कुमार गोयल द्वारा पंजाब में क्रशर-ओनर माइनिंग साइटों की शुरुआत

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और नियमित खनन प्रणाली को मज़बूत रूप से लागू करने की दिशा में एक और निर्णायक कदम उठाते हुए पंजाब के खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज पंजाब में क्रशर-ओनर माइनिंग साइटों (सी.आर.एम.एस.) की शुरुआत की। पठानकोट ज़िले में स्थित इन साइटों की शुरुआत करते हुए कैबिनेट मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि इस पहल से बाज़ार में रेत और अन्य खनिजों की प्रचुर उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा राज्यभर में ग़ैर-कानूनी खनन पर अधिक प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सकेगा। इस अवसर पर खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री, क्रशर मालिकों, भूमि मालिकों और वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में दो क्रशर-ओनर माइनिंग साइटों के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इन दोनों साइटों के अंतर्गत 4.46 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन समझौतों के साथ विभाग द्वारा एक सुव्यवस्थित ढांचा लागू किया जा रहा है, जिसके तहत स्वीकृत खनन योजनाओं और पर्यावरणीय सुरक्षा मानकों के अंतर्गत पंजीकृत क्रशर इकाइयाँ सीधे खनन गतिविधियों से जुड़ेंगी।

## खुडियां ने साथी पोर्टल कार्यों को उचित बनाने के लिए सीड सर्टिफिकेशन अधिकारियों को सौंपे 40 टेबलेट्स

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : बीज प्रमाणीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता यकीनी बनाने और काम में ओर तेजी लाने की तरफ एक अहम कदम उठाते हुए मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने अपने फील्ड स्टाफ को टेबलेट्स के साथ लैस किया है जिससे साथी पोर्टल का सारा काम आनलाइन यकीनी बनाया जा सके। विभाग में मुकम्मल डिजीटलाईजेशन को असली रूप देते हुए कृषि और किसान भलाई मंत्री स. गुरमीत सिंह खुडियां ने आज बीज प्रमाणीकरण अधिकारियों और सहायकों को 40 टेबलेट्स सौंपे। कृषि मंत्री ने ?ौर दे कर कहा कि फील्ड अधिकारियों को टेबलेट्स के साथ लैस करने के साथ न सिर्फ कागजी कार्यवाही ?त्म होगी, बल्कि इसके साथ जवाबदेही बढ़ेगी और निरीक्षण दौरान खेतों से सीधे तौर पर कम्प्यूटराईजड डेटा तुरंत जुटाने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को यकीनी बनाने के लिए खेत की सही भौगोलिक स्थिति को जी.पी.एस के द्वारा रिकार्ड किया जा सकेगा, जबकि तुरंत फोटो अपलोड करने के साथ अधिकारित रिपोर्ट में फसलों की असली स्थिति दर्ज की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि डिजीटलाईजेशन के साथ जहां हाथ से काम करने दौरान लिखित गलतियों से निजात मिलेगी।

## महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की रक्षा भगवंत मान सरकार की पहली प्राथमिकता : डॉ. बलजीत कौर

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने विज्ञापनों में महिलाओं को अश्लील और अपमानजनक ढंग से प्रस्तुत करने के कई मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा है कि पंजाब सरकार महिलाओं के सम्मान के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मुद्दे पर बोलते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा, यह गंभीर चिंता का विषय है कि विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से महिलाओं के अश्लील और अपमानजनक चित्रण के कई मामले विभाग के ध्यान में आए हैं। महिलाओं की अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 महिलाओं के किसी भी अश्लील या अपमानजनक चित्रण पर सख्ती से प्रतिबंध लगाता है। उन्होंने आगे कहा कि विज्ञापनों, प्रकाशनों, पेंटिंगों या किसी अन्य मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से महिलाओं को अश्लील या अपमानजनक ढंग से प्रस्तुत करना कानून के तहत दंडनीय अपराध है और अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि महिलाओं की इज्जत, सम्मान और सुरक्षा की रक्षा पंजाब सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

## कांग्रेस नेता सुखजिंदर रंधावा की पुलिस प्रशासन पर टिप्पणी की आप विधायक गुरदीप रंधावा ने की निंदा

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : आम आदमी पार्टी (आप) के हल्का डेरा बाबा नानक से विधायक गुरदीप सिंह रंधावा ने कांग्रेस नेता और मौजूदा सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा पुलिस प्रशासन पर की गई टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। रंधावा ने कहा कि गुरदासपुर में पिछले दिनों शहीद हुए हमारे दो जांबाज पुलिस कर्मियों की शहादत पर राजनीति करना बेहद शर्मनाक है। सुखजिंदर रंधावा ने वहां के एसएसपी को जो अपशब्द कहे हैं, वह उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि उसी एसएसपी और पंजाब पुलिस ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाते हुए महज 72 घंटों के भीतर एक आरोपी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया और दूसरा सलाखों के पीछे है। विधायक रंधावा ने सुखजिंदर रंधावा पर हमला बोलते हुए सवाल किया कि वह जनता को बताएं कि उस समय के खूंखार आतंकवादी नट्टी के साथ उनके परिवार के क्या संबंध थे? जो आतंकवादी सुखजिंदर रंधावा के पिता संतोख सिंह रंधावा को अपना पिता कहकर संबोधित करता था और जिसे रंधावा अपना भाई मानते थे, उसके साथ उनके परिवार की क्या सांठगांठ थी? इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश के कुख्यात अंसारी परिवार और अन्य गैंगस्टरों के साथ अपने संबंधों पर सुखजिंदर रंधावा चुप्पी क्यों साध लेते हैं?

# झूठा और धोखेबाज है वह : 'अमीषा पटेल'



अमीषा पटेल उस समय अचानक सुर्खियों में आ गई जब मुरादाबाद अदालत द्वारा 2017 के एक कार्यक्रम से जुड़े विवाद के संबंध में उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया गया। हालांकि, अमीषा ने खुद इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए इसको पुराना बताया है जिसका निपटारा भी हो चुका है। साथ ही उसने झूठे आरोपों पर कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही है। एक बयान जारी करते हुए अमीषा ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है।

इसमें अमीषा की ओर से लिखा गया, मीडिया रिपोर्टों में पवन वर्मा द्वारा मुरादाबाद में कुछ कार्रवाई किए जाने का जिक्र है। मैं सभी को सूचित करना चाहती हूं कि यह 15 साल पुराना मामला है, जिसमें पवन वर्मा ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे और पूरी तय राशि प्राप्त कर ली थी। इसके बावजूद ऐसा लगता है कि उन्होंने झूठे आरोप लगाकर कार्रवाई शुरू की है।'

मेरे वकील इस व्यक्ति के झूठ और धोखे को उजागर करने के लिए उसके खिलाफ धोखाधड़ी की उचित आपराधिक कार्रवाई शुरू कर रहे हैं, जबकि मैं अपने काम पर ध्यान देना' चाहती हूं और उन लोगों को नजरअंदाज करना चाहती हूं, जो झूठे बहाने से ध्यान आकर्षित करने के लिए तमाशा खड़ा करते हैं।'

- **सुनवाई में नहीं पहुंचने पर जारी हुआ गैर-जमानती वारंट**

यह घटनाक्रम मुरादाबाद एसीजेएम-5 अदालत की निर्धारित सुनवाई में अमीषा के अनुपस्थित रहने के कारण उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने के बाद सामने आया है। उसे अब 27 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है।

- **यह है पूरा मामला मामला**

करीब एक दशक पुराना है, जब 2017 में मुरादाबाद के इवेंट मैनेजर पवन वर्मा ने अमीषा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि अमीषा ने शहर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए 11 लाख रुपए लिए थे। हालांकि, पैसे लेने के बावजूद वह समारोह में नहीं पहुंची। तब उस पर केस किया गया था।

# ऐसी 'हरकत' कभी नहीं देखी-खानजादी

रियलिटी शो 'द 50' से हाल ही में खानजादी बाहर हो गई। उसका शो से निकलना कई सवाल खड़े कर गया। शो में वह चाहत पांडे पर अपने कमैंट्स को लेकर विवाद में फंसी थी। इस बीच कई फैंस ने उसका समर्थन किया। अब खानजादी ने शो में असल में क्या हुआ था, इसका खुलासा करते हुए दावा किया है कि केवल उसका रिएक्शन दिखाया गया लेकिन चाहत के कारनामे नहीं दिखाए गए, क्योंकि वे नैशनल टैलीविजन पर प्रसारित करने लायक नहीं थे। उसने चाहत की पोल खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खानजादी ने चाहत को न केवल अपराधी कहा, बल्कि बताया कि वह उससे सुलह करना चाहती थी लेकिन खानजादी ने उसका मैसेज नजरअंदाज करने का फैसला किया। उसने कहा, केवल मेरा रिएक्शन दिखाया गया, उकसावा नहीं। चाहत पांडे ने गाली-गलौज वाले शब्द बोले,



अपमानजनक व्यवहार किया। मगर मेरे साथ उनकी हरकतें पूरी तरह काट दी गई, क्योंकि उन्हें नैशनल टी.वी. पर नहीं दिखाया जा सकता था, इसलिए संदर्भ गायब था। मैं बिना वजह आक्रामक लग रही थी।

स्थिति के प्रभाव के बारे में बोलते हुए उसने कहा, %ईमानदारी से कहूं तो मैं स्तब्ध थी, क्योंकि मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी व्यक्तिगत रूप से ऐसी हरकत नहीं देखी थी। मैं बहुत सम्मानजनक परिवार से हूं। मेरी परवरिश मुझे ऐसी औरतों के आस-पास रहने की इजाजत नहीं देती।'

# 'दिव्या अग्रवाल' डराएगी दर्शकों को

आगामी सुपरनैचुरल थ्रिलर 'द वार्डरोब' का दिलचस्प फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है और फैंस यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या इस फिल्म में दिव्या अग्रवाल भूतनी का किरदार निभा रही है ? सौरभ चौबे के निर्देशन में बनी इस हॉरर थ्रिलर में रजनीश दुग्गल भी अहम भूमिका में है। पोस्टर में एक रहस्यमयी महिला को पुराने, आधे खुले लकड़ी के वार्डरोब से बाहर निकलते हुए दिखाया गया है, जिस पर लताएं लिपटी हुई हैं। खून से सने सफेद गाऊन में और धुएं व अंधेरे से घिरे माहौल के बीच दिव्या का डरावना अंदाज उसके किरदार को लेकर कई सवाल खड़े करता है। वार्डरोब के भीतर से आती लाल रोशनी फिल्म के सुपरनैचुरल टोन को और गहरा करती है। हालांकि, मेकर्स ने कहानी के अहम पहलुओं को अभी गोपनीय



रखा है, लेकिन पोस्टर ने इस बात की अटकलों को हवा दे दी है कि दिव्या किसी बेचैन आत्मा की भूमिका में हो सकती है। 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही यह फिल्म सस्पैंस, साइकोलॉजिकल ट्विस्ट और सुपरनैचुरल रोमांच से भरपूर होने का वादा करती है। गौरतलब है कि 'बग बॉस ओ.टी.टी.' और %एम.टी.वी. एस ऑफ स्पेस' जैसे रियलिटी शोज की विजेता रह चुकी दिव्या इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही है। हाल ही में वह रियलिटी शो 'द 50' शो में नजर आई, जिस दौरान उसके पति के साथ अलगाव की खबरें खूब सुर्खियों में रहीं।

# मैं पुराने जमाने की हूं-समृद्धि शुक्ला

धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभीरा का किरदार निभा कर घर-घर में प्रसिद्धि पाने वाली समृद्धि शुक्ला छोटे पर्दे की टॉप हीरोइनों में से एक है। उसके बहुत से फैंस हैं।

हाल ही में समृद्धि ने अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर बात करते हुए बताया है कि वह रियल लाइफ में किसी को डेट कर रही है या नहीं?

समृद्धि ने कहा, अभी तो नहीं। मुझे लगता है कि मैं बहुत गंभीर व्यक्ति हूं तो मैं जिसके साथ भी होऊंगी, मैं उससे शादी करना चाहूंगी। मैं चीजों को गंभीरता से लेती हूं। वह मेरा अंतिम लक्ष्य होगा। तो अभी, ऐसा कुछ भी नहीं चल रहा है।'

अपने पुराने रिलेशनशिप्स के बारे में पूछे जाने पर उसने कहा, मैंने अभी तक जिसे भी डेट किया है...मैंने हमेशा उनके साथ शादी सोची। मैं इस मामले में बहुत पुराने जमाने की हूं। मैं सोचती हूं कि अगर हम शादी कर लें तो जिंदगी कैसी होगी। कुछ लोगों के साथ, मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकती थी, और इसीलिए वह रिश्ता टूट गया। कुछ लोगों के साथ, शायद यह संभव था।'

वहीं, जब उससे पूछा गया कि क्या घरवाले उसके लिए रिश्ते लाते हैं तो उसका कहना था, हां, वे पूछते रहते हैं। लोग भी उनसे मेरे रिश्ते के लिए पूछते हैं।

समृद्धि से जब शादी को लेकर सवाल हुआ तो उसने कहा कि वह अभी अपने जीवन में उस चरण में है जहां वह बहुत व्यस्त है। उसे नहीं पता कि शादी का क्या सीन है क्योंकि शादी में टाइम लगता है। उसने कहा, अगर मैं महीने के 30 दिन 12 घंटे काम कर रही हूं, तो पति को वक्त कब दूंगी?'

वहीं 'बिग बॉस' जैसे रियलिटी शो में हिस्सा लेने पर उसने कहा, मैं खुद को उस तरह का इंसान नहीं मानती जो नैशनल टी.वी. पर अपनी प्राइवेट जिंदगी की सभी बातें बताए। मैं



## न्यूज ब्रीफ

### निकट भविष्य में रेपो दर में बढ़ोतरी की संभावना नगण्य

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण महंगाई का दबाव बढ़ने के बावजूद निकट भविष्य में नीतिगत ब्याज दर (रेपो) में वृद्धि की संभावना नगण्य है। उन्होंने कहा कि मौसम संबंधी जोखिम, धातुओं की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल के ऊंचे दाम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं। सौगत भट्टाचार्य ने कहा, निकट अवधि में रेपो दर बढ़ाने की जरूरत पड़ने की संभावना मुझे नगण्य दिखती है।

### ईडी के सामने पेश हुए अनिल अंबानी

अनिल अंबानी (Anil Ambani) को गुरुवार (26 फरवरी 2026) को कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए Enforcement Directorate (ED) के सामने पेश हुए। 66 वर्षीय उद्योगपति सुबह करीब 10:30 बजे केंद्रीय दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) के तहत उनका बयान दर्ज किया जा रहा है। इससे पहले अगस्त 2025 में भी उनसे पूछताछ की गई थी। यह जांच उनकी समूह कंपनी Reliance Communications (RCOM) से जुड़े कथित 40,000 करोड़ रुपए से अधिक के बैंक लोन फ्रॉड से संबंधित है।

### पिता की संपत्ति पर किसका कितना हक?

भारत में घर और जमीन को लेकर होने वाले पारिवारिक कलेश किसी से छिपे नहीं हैं। अक्सर यह सवाल गलियों और कोर्ट के गलियारों में गूंजता है कि क्या एक पिता अपनी मर्जी से अपने किसी एक बच्चे को राजा और बाकी को रंक बना सकता है? समाज में यह धारणा आम है कि बाप की संपत्ति है, वो जिसे चाहे दे, लेकिन भारतीय कानून की किताब इस मामले में काफी बारीकी और सख्ती से बात करती है। दरअसल, सारा खेल इस बात पर टिका है कि वह संपत्ति पिता के पास आई कहाँ से है। स्व-अर्जित संपत्ति : यहां पिता ही सुप्रीम कोर्ट है।

# हरे निशान पर खुला घरेलू शेयर बाजार



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 558.79 अंक बढ़कर 82,784.71 पर पहुंच गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.05 अंक चढ़कर 25,581.70 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6 पैसे बढ़कर 90.89 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स पैक से, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, पावर ग्रिड और इंटरग्लोब एविएशन सबसे बड़े लाभ कमाने वाले शेयर रहे। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी इस मामले में पिछड़ गए। प्रारंभिक कारोबार के दौरान बीएसई आईटी इंडेक्स 2.08 प्रतिशत बढ़कर 29,850.09 पर कारोबार कर रहा था। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नेतृत्व में होने वाले व्यवधान की चिंताओं के बीच मंगलवार को आईटी शेयरों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। सुबह के कारोबार में एशियाई शेयरों में अधिकतर तेजी देखी गई, जापान का बेंचमार्क रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, क्योंकि निवेशक वॉल स्ट्रीट में रात भर हुई तेजी से उत्साहित थे, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता में उछाल के बारे में आशावाद को दर्शाती प्रतीत होती है। जापान का बेंचमार्क 1.3 प्रतिशत बढ़कर 58,081.62 पर पहुंच गया। यह चीन द्वारा पिछले दिन 40 जापानी कंपनियों और संगठनों को निर्यात प्रतिबंधित करने के कदम के बावजूद हुआ, जिनके बारे में उसका कहना है कि वे जापान के पुन-सैन्यीकरण में योगदान दे रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 1.1त्न बढ़कर 9,122.50 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.7त्न बढ़कर 6,069.36 पर पहुंच गया। हांगकांग का हैंग सेंग 0.3त्न बढ़कर 26,668.83 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट 0.7त्न बढ़कर 4,147.68 पर पहुंच गया। ट्रंप के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण पर बाजार की नजर निवेशक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण पर भी बारीकी से नजर रख रहे हैं, जो एशिया के लिए दिन के समय प्रसारित किया जा रहा है। ट्रम्प को उम्मीद है कि वे तेजी से सतर्क हो रहे अमेरिकियों को आश्वस्त कर पाएंगे कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और उनकी नीतियां घरेलू रोजगार बाजार और विनिर्माण क्षेत्र को समर्थन देती हैं।

वॉल स्ट्रीट पर, एसएंडपी 500 मंगलवार को 0.8त्न चढ़ा और पिछले दिन की भारी गिरावट का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रिकवर कर लिया। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 370 अंक या 0.8त्न की वृद्धि हुई और नैस्डैक कंपोजिट में 1त्न का लाभ हुआ। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ।

# 45 फीसदी की दर से बढ़ेगा क्विक कॉमर्स



कम समय में डिलीवरी और बेहतर सेवाओं के दम पर देश में क्विक कॉमर्स क्षेत्र तेज रफ्तार से विस्तार कर रहा है। खासकर शहरी इलाकों में। मैकेंजी एंड कंपनी की रिपोर्ट के मुताबिक, विस्तार की रफ्तार इतनी तेज है कि क्विक कॉमर्स क्षेत्र पांच वर्षों में सालाना 45 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 2030 तक 35-40 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। वर्तमान में यह क्षेत्र 5-6 अरब डॉलर का है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्विक कॉमर्स भारत के डिजिटल कॉमर्स क्षेत्र में सबसे तेजी से बढने वाला सेगमेंट बन रहा है। इसकी वृद्धि को उन शहरी उपभोक्ताओं से बढ़ावा मिल रहा है, जो तेजी से डिलीवरी और बेहतर सुविधाओं को महत्व दे रहे हैं। दरअसल, क्विक कॉमर्स क्षेत्र की वृद्धि को ज्यादा उत्पाद रेंज, तेज रफ्तार डिलीवरी सेवा एग्रीमेंट और जस्ट-इन-टाइम फुलफिलमेंट यानी मांग आधारित उत्पाद मॉडल अपनाने से भी समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा, मेट्रो और अन्य बड़े शहरों में इंटरनेट की मजबूत पहुंच और उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव भी क्विक कॉमर्स क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि क्विक कॉमर्स में शुरुआती उपभोक्ताओं को ऑप्टिमाइज्ड स्टोर नेटवर्क, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों से जुड़े डाटा तक आसान पहुंच और अनुशासित परिचालन मॉडल से लाभ मिलता है। इसके अलावा, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ग्रोसरी डिलीवरी से आगे बढ़कर उत्पाद श्रेणी की एक बड़ी रेंज में फैल रहे हैं, जिससे डिजिटल कॉमर्स क्षेत्र में उनकी भूमिका और मजबूत हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का डिजिटल कॉमर्स तंत्र अभी तीन मुख्य चैनल से चलता है...पारंपरिक ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म और डायरेक्ट-टु-कंज्यूमर (डी2सी)। ये तीनों प्लेटफॉर्म मिलकर देश के ऑनलाइन कॉमर्स क्षेत्र की नींव बनाते हैं, जो अपनी सेवाओं के जरिये विक्रेताओं को उपभोक्ताओं तक पहुंचने के कई तरीके मुहैया कराते हैं। पारंपरिक ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस स्केल और प्रोडक्ट डिस्कवरी देते हैं। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म तेज डिलीवरी एवं सुविधा पर फोकस करते हैं। डायरेक्ट-टु-कंज्यूमर चैनल ब्रांड्स को विजिबिलिटी, कीमत और वितरण पर ज्यादा नियंत्रण रखने में मदद करते हैं, जिससे वे अपने ग्रोथ स्टेज के आधार पर टूल्स और सेवाएं अपना सकते हैं।

# भारतीय बाजार में चीनी स्मार्टफोन कंपनियों को झटका

भारत के स्मार्टफोन बाजार में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। एंट्री और मिड-रेंज सेगमेंट में मांग कमजोर पड़ने से कई चीनी ब्रांड्स की बिक्री और रेवेन्यू पर असर पड़ा है। FY 25 में पहली बार Xiaomi, Oppo, OnePlus और Realme जैसे प्रमुख ब्रांड्स की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सक्रिय नौ बड़ी चीनी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों का कुल रेवेन्यू FY 25 में 4.5 प्रतिशत घट गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में इनकी आय 42त्न बढ़ी थी। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि उपभोक्ताओं का रुझान अब सस्ते स्मार्टफोनों से हटकर प्रीमियम डिवाइसेज की ओर बढ़ रहा है।

**एंट्री सेगमेंट में कमजोरी**

मार्केट इंटेलिजेंस फर्म Counterpoint Research के मुताबिक 20,000 रुपए से कम कीमत वाले स्मार्टफोनों की वैल्यू हिस्सेदारी 2023 के 38त्न से घटकर 2025 में 29त्न रह गई है।

रिटेल वैल्यू के लिहाज से चीनी ब्रांड्स (जिनमें Vivo और लेनोवो के स्वामित्व वाला Motorola शामिल हैं) की हिस्सेदारी 54 प्रतिशत से घटकर 48 प्रतिशत रह गई। हालांकि, वॉल्यूम के आधार पर इनकी बाजार हिस्सेदारी अब भी 73-75 प्रतिशत के बीच बनी हुई है।

**प्रीमियम सेगमेंट में तेजी**

45,000 रुपए से अधिक कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट की हिस्सेदारी 2023 के 36 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 47 प्रतिशत हो गई है। Apple की भारत में बिक्री FY 25 में 18 प्रतिशत बढ़कर 79,378 करोड़ रुपए पहुंच गई। Samsung की बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपए रही, जबकि LG Electronics ने 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। जहां अधिकांश चीनी ब्रांड्स को गिरावट का सामना करना पड़ा, वहीं Vivo ने 11 प्रतिशत की रेवेन्यू वृद्धि दर्ज की।

# स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर के पार



देश में 2025 में हुए कुल निर्यात में स्मार्टफोन का दबदबा रहा। इस अवधि में स्वदेशी निर्मित 30 अरब डॉलर मूल्य से अधिक का स्मार्टफोन निर्यात किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा, भारत अब दुनिया का स्मार्टफोन विनिर्माण केंद्र बनता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-दिसंबर, 2025 के दौरान देश का स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर पहुंच गया। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान करीब 60 अरब डॉलर (5.5 लाख करोड़ रुपये) के स्मार्टफोन का उत्पादन हुआ, जबकि निर्यात 22 अरब डॉलर (करीब दो लाख करोड़ रुपये) रहा। देश से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का कुल निर्यात 2025 के दौरान 44 अरब डॉलर (चार लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। इस साल चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों में उत्पादन शुरू करने के बाद इसके निर्यात में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। बाजार शोध संस्था काउंटरपॉइंट रिसर्च के सह-संस्थापक एवं शोध उपाध्यक्ष नील शाह ने कहा, एपल ने चीन पर अमेरिकी टैरिफ लगने के बाद भारत में विनिर्माण बढ़ाकर देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी है। भारत में 2025 में 30 करोड़ स्मार्टफोन का उत्पादन होने का अनुमान है और हर चार में से एक स्मार्टफोन का निर्यात किया गया। उच्च औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) वाले अमेरिकी बाजार में एपल, सैमसंग और मोटोरोला की मजबूत मांग ने निर्यात मूल्य को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा दिया। इंटरनेशनल डाटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के वर्ल्डवाइड क्वार्टरली मोबाइल फोन ट्रैकर रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की तीसरी तिमाही में एपल ने घरेलू बाजार में 50 लाख आईफोन की आपूर्ति की, जो किसी भी तिमाही का उच्चतम स्तर है। रिपोर्ट के मुताबिक, एपल प्रीमियम (53,000-71,000 रुपये की कीमत वाले स्मार्टफोन) और सुपर-प्रीमियम सेगमेंट (71,000 रुपये से अधिक कीमत वाले) दोनों में सबसे आगे है। इसने सितंबर तिमाही के दौरान भारत के स्मार्टफोन मार्केट की वृद्धि की रफ्तार बढ़ाई।

# भारतीयों के लिए ई-वीजा अनिवार्य




ब्रिटेन ने बुधवार से डिजिटल यात्रा प्रणाली लागू कर दी है। इसके तहत भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन (ईटीए) आवश्यक रूप से शामिल है। यह नई प्रक्रिया पिछले कुछ वर्षों में चरणबद्ध ढंग से लागू किए गए कार्यक्रम के तहत कागज आधारित वीजा स्टिकर की जगह लेगी। हालांकि नई प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर जाना अनिवार्य होगा, लेकिन इससे प्रक्रिया अवधि में पासपोर्ट दस्तावेज छोडने की जरूरत खत्म हो जाएगी। ब्रिटेन के प्रवासन-नागरिकता मंत्री माइक टैप ने कहा, मैं सभी यात्रियों से आग्रह करूंगा कि वे सुनिश्चित करें कि वे यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उनके पास सही अनुमति है। ब्रिटेन में ईटीए (आने-जाने का टिकट) की लागत प्रतिस्पर्धी है और अन्य देशों के अनुरूप है। इनमें अमेरिका का ईएसटीए (40 डॉलर) और ईयू का ईटीआईएएस ( 20 यूरो) होने की उम्मीद है। ब्रिटिश सीमा-आव्रजन प्रणाली को पूर्ण डिजिटल योजनाओं के तहत, बायोमेट्रिक निवास परमिट (बीआरपी), वीजा विग्नेट स्टिकर या स्याही की मुहर वाले पासपोर्ट को नई प्रणाली में स्थानांतरित कर दिया गया है। बायोमेट्रिक निवास कार्ड (बीआरसी) का उपयोग आव्रजन अधिकार प्रमाण के रूप में करने वाले सभी लोगों को भी पूरी तरह से ऑनलाइन यूकेवीआई प्रणाली में स्थानांतरित कर दिया गया है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि ई अब तक 1 करोड़ से अधिक ई-वीजा जारी किए जा चुके हैं। उसने कहा, यूरोपीय संघ (ईयू) निपटान योजना का दर्जा प्राप्त लोगों सहित सभी ई-वीजा धारकों को यूकेवीआई खाता नवीनतम पासपोर्ट विवरण के साथ अपडेट रखना होगा।

### रेलवे ने टिकट बुकिंग सिस्टम को लेकर किया बड़ा बदलाव

भारतीय रेलवे के सफर में अब एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अगर आप भी अक्सर लोकल या लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। 1 मार्च 2026 से सालों से चली आ रही पुरानी TS ऐप को बंद किया जा रहा है और इसकी जगह रेलवे ने अपनी नई सुपर ऐप RailOne को पूरी तरह से लागू करने का फैसला किया है। रेलवे का यह कदम यात्रियों को अलग-अलग ऐप्स के चक्कर से मुक्ति दिलाने और एक ही प्लेटफॉर्म पर सारी सुविधाएं देने के लिए उठाया गया है। आइए जानते हैं क्या है यह नया नियम और आपको अब टिकट कैसे बुक करनी होगी।

# कंपनियां तेजी से छू रहीं 100 करोड़ का आंकड़ा

भारत में ई-कॉमर्स के तेजी से विस्तार ने ब्रांड बनाने की रणनीति को पूरी तरह बदल दिया है। एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि अब कंपनियां सालाना 100 करोड़ रुपए का राजस्व पहले की तुलना में कहीं कम समय में हासिल कर रही हैं। जहां पहले इस स्तर तक पहुंचने में औसतन 11 साल लगते थे, अब यह अवधि घटकर करीब 7 साल रह गई है।

**डिजिटल मॉडल बना तेजी की असली वजह :** रिपोर्ट के मुताबिक, डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित बिजनेस मॉडल इस बदलाव की मुख्य ताकत हैं। कंपनियां अब तेजी से नए प्रोडक्ट लॉन्च कर रही हैं, ग्राहकों के फीडबैक के आधार पर तुरंत सुधार कर रही हैं और ऑनलाइन चैनलों को ही अपनी प्रमुख बिक्री रणनीति बना रही हैं। पहले बड़े डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क खड़ा करना महंगा और समय लेने वाला काम था लेकिन ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स ने सीधे ग्राहकों तक पहुंच को आसान और किफायती बना दिया है।

**ऑनलाइन ब्रांड्स की तेज इनोवेशन :** जो ब्रांड मुख्य रूप से ऑनलाइन बिक्री पर निर्भर हैं, वे ऑफलाइन कंपनियों की तुलना में 1.5 से 3 गुना अधिक नए प्रोडक्ट बाजार में उतार रहे हैं।

इससे उन्हें ट्रेंड्स को जल्दी अपनाने और कम जोखिम में नए उत्पादों का परीक्षण करने का अवसर मिल रहा है।

ब्यूटी और पर्सनल केयर सेगमेंट में यह अंतर सबसे ज्यादा दिखाई देता है। 2021 से 2025 के बीच ऑनलाइन ब्रांड्स ने लगभग 60 नए उत्पाद लॉन्च किए।

# अचानक फेल होने लगे ट्रांजैक्शन

Yes Bank ने अपने प्रीपेड फॉरेक्स कार्ड से जुड़े संदिग्ध ट्रांजैक्शन को लेकर अहम जानकारी साझा की है। बैंक के मुताबिक, हाल ही में कुछ कार्ड नंबरों पर अचानक बड़ी संख्या में ट्रांजैक्शन फेल होने लगे। इसके बाद की गई आंतरिक जांच में अनधिकृत लेनदेन की कोशिशों का मामला सामने आया। मामले के सामने आते ही बैंक ने ग्राहकों को अलर्ट जारी करते हुए सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की सलाह दी है।

**क्या है पूरा मामला?**

बैंक ने बताया कि ट्रांजैक्शन डिक्लाइन में असामान्य बढ़ोतरी के बाद जांच शुरू की गई। जांच में पाया गया कि प्रीपेड फॉरेक्स कार्ड की एक खास BIN सीरीज को निशाना बनाकर फ्रॉड ट्रांजैक्शन की कोशिश की गई। यह मामला किसी एक ग्राहक तक सीमित नहीं था, बल्कि एक साथ कई कार्ड्स को टारगेट किया गया।

**कहां हुई संदिग्ध गतिविधि?**

24 फरवरी को लैटिन अमेरिका (LatAm) क्षेत्र के करीब 15 ऑनलाइन मर्चेंट्स पर संदिग्ध ट्रांजैक्शन की कोशिशें दर्ज की गईं। इन देशों में कई जगह ई-कॉमर्स पेमेंट के दौरान 2-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) अनिवार्य नहीं होता, जिसका फायदा उठाने की कोशिश की गई।

**2-फैक्टर ऑथेंटिकेशन क्यों अहम?**

भारत में ऑनलाइन भुगतान के लिए OTP या अतिरिक्त वेरिफिकेशन जरूरी है, जिससे धोखाधड़ी का जोखिम काफी कम हो जाता है लेकिन जिन देशों में यह अतिरिक्त सुरक्षा नहीं होती, वहां कार्ड डिटेल्स लीक होने की स्थिति में बिना झ्झक्क के भी ट्रांजैक्शन संभव हो सकता है।

# वैश्विक व्यापार में तनाव से सर्राफा बाजार में तेजी



वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश (सेफ हेवन) के रूप में सोने-चांदी की मांग में जोरदार इजाफा हुआ है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की शानदार तेजी दर्ज की गई, जिससे निवेशकों का रुझान एक बार फिर रक्षात्मक संपत्तियों की ओर स्पष्ट रूप से दिखा है। घरेलू बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में सोने की कीमतों में बढ़त का सिलसिला जारी रहा। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चांदी सफेद धातु की कीमत 5,900 रुपये (2 प्रतिशत) के भारी उछाल के साथ 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। मंगलवार को यह 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोना 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में 1,000 रुपये (लगभग 1 प्रतिशत) की मजबूती आई और यह 1,64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था। वैश्विक स्तर पर भी बुलियन मार्केट में तेजी का रुख है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट सिल्वर 3.13 डॉलर (3.59 प्रतिशत) चढ़कर 90.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि सोना लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,181.46 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

मीरा एसेट शेयरखान के कमोडिटीज और करेंसी प्रमुख प्रवीन सिंह के मुताबिक, स्पॉट गोल्ड ने मंगलवार की बिकवाली से हुए नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर ली है, जो मजबूत अमेरिकी डॉलर और जोखिम लेने की सकारात्मक धारणा के कारण हुआ था। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस तेजी के पीछे मुख्य रूप से वैश्विक भू-राजनीतिक और व्यापारिक कारण जिम्मेदार हैं। ट्रेड टैरिफ का डर- एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिकी व्यापार नीति पर लगातार बनी अनिश्चितता ने सुरक्षित निवेश प्रवाह को प्रेरित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उच्च शुल्कों की ताजा धमकियों ने वित्तीय बाजारों को बेचैन कर दिया है, जिससे सोने जैसी संपत्तियों की मांग बढ़ गई है। अमेरिका-ईरान वार्ता- गुरुवार को जिनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच तीसरे दौर की वार्ता होनी है।

# आस्था संसार

### गांव परगोड़ में बाबा सिद्ध गोरिया मंदिर

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के जवाली उपमंडल के नजदीकी गांव परगोड़ में स्थित बाबा सिद्ध गोरिया का मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केंद्र है। आसपास एवं दूरदराज क्षेत्रों से लोग यहां आकर माथा टेकते हैं और मन्नत पूरी होने पर बाबा जी की गुफा में रोट आदि का प्रसाद चढ़ाते हैं। यह मंदिर एक पहाड़ी पर स्थित दो पत्थरों के नीचे बनी गुफा के रूप में है। ऐसा माना जाता है कि इस गुफा में बाबा सिद्ध गोरिया निवास करते हैं। इस मंदिर के संदर्भ में कही जाने वाली दंतकथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि बाबा सिद्ध गोरिया इन बड़े पत्थरों के बीच बनी गुफा में निवास करते थे। यह भी कहा जाता है कि बाबा बाल गोपाल के रूप में इस क्षेत्र के आसपास के जंगल में चक्कर लगाते रहते थे। कई बार जब यहां ग्वालों की गउएं गुम हो जाती थीं, तो बाबा उनको ढूंढने में ग्वालों की मदद किया करते थे। लोगों का यह भी मानना है कि बाबा लोगों की हर प्रकार की समस्याओं को दूर करते हैं। एक बार गर्मियों में इलाके में गंभीर जलसंकट गहरा गया था और ग्वालों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा था। जब यह बात बाबा जी को पता चली, तो बाबा जी तुरंत उस स्थान पर पहुंचे, जहां पर ग्वाले गउएं चरा रहे थे और अपना घुटना जमीन पर लगाकर, वहां पर पानी निकाल दिया।

### चेतना का दिव्य संगम कालिका माता

कालिका माता की जय, यह केवल एक जयघोष नहीं, बल्कि कुमाऊं की धरती पर रची-बसी आस्था, शौर्य और आत्मबल की अनुगूंज है। यही जयघोष कुमाऊं रेजिमेंट का युद्धनाद भी है, जो सैनिकों के भीतर अदम्य साहस, त्याग और मातृभूमि के प्रति निष्ठा का संचार करता है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट में स्थित हाट कालिका मंदिर इस आस्था का केंद्र है, जहां धर्म, इतिहास और सैन्य परंपरा एक-दूसरे में घुल मिल जाते हैं। कुमाऊं रेजिमेंट महाकाली माता को अपनी आराध्य देवी मानती है। रेजिमेंट का विश्वास है कि माता की कृपा और आशीर्वाद के बिना कोई भी सैन्य कार्य पूर्ण नहीं हो सकता। यही कारण है कि कुमाऊं रेजिमेंट का कोई भी आयोजन महाकाली माता की पूजा के बिना अधूरा माना जाता है। 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद सुबेदार शेर सिंह के नेतृत्व में कुमाऊं रेजिमेंट ने माता महाकाली की मूर्ति की स्थापना की। तब से यह परंपरा और भी सुदृढ़ हो गई। कुमाऊं रेजिमेंट का युद्धघोष, %कालिका माता की जय% बजरंग बली की जय, दादा किशन की जय, सैनिकों के भीतर अद्भुत ऊर्जा और आत्मविश्वास भर देता है। सैनिक युद्ध में जाने से पहले माता के दर्शन को आवश्यक मानते हैं, मानो माता स्वयं उनके साथ रणभूमि में चल रही हों।

### भगवान श्याम बाबा के सम्मान में मेला

हर साल राजस्थान के सीकर जिले के खाटू धाम में भगवान श्याम बाबा के सम्मान में मेला लगाया जाता है। इस मेले में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ये मेला फाल्गुन मास में लगता है, इसलिए इसे फाल्गुन लक्खी मेला भी कहते हैं। फाल्गुन मेला सिर्फ एक मेला नहीं है, यह आस्था, विश्वास और भक्ति का महासंगम माना जाता है। श्याम भक्तों के लिए इसका आध्यात्मिक महत्त्व बहुत गहरा है। मान्यता है कि फाल्गुन शुक्ल एकादशी के दिन ही बर्बरीक जी का शीश खाटू में प्रकट हुआ था। इसी कारण फाल्गुन महीने में बाबा श्याम की विशेष कृपा मानी जाती है। कहा जाता है कि इस समय सच्चे मन से मांगी गई मन्नत अवश्य पूरी होती है। राजस्थान के सीकर शहर से करीब 45 किमी. दूर खाटू श्याम जी का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां हर रोज हजारों की संख्या में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती है। धार्मिक मान्यता है कि यहां जो लोग दर्शन करने लिए लिए आते हैं, उनके जीवन की सभी परेशानी दूर होती है। खाटू श्याम जी का प्रसिद्ध मेला इस वर्ष 21 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। इस मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम के दर्शन के लिए आते हैं। मेले में पहुंचने के लिए देशभर से जयपुर पहुंचने के कई साधन आसानी से मिल जाते हैं।

### संस्कार और शुभ कार्यों की शुरुआत

होलिका पूजन करने के लिए होली से आठ दिन पहले होलिका दहन वाले स्थान को गंगाजल से शुद्ध कर उसमें सूखे उपले, सूखी लकड़ी, सूखी घास व होली का डंडा स्थापित किया जाता है। जिस दिन यह कार्य किया जाता है, उस दिन को होलाष्टक प्रारम्भ का दिन कहा जाता है। होलाष्टक के शुरुआती दिन में ही होलिका दहन के लिए 2 डंडे स्थापित किए जाते हैं, जिसमें से एक को होलिका तथा दूसरे को प्रह्लाद माना जाता है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार जिस क्षेत्र में होलिका दहन के लिए डंडा स्थापित हो जाता है, उस क्षेत्र में होलिका दहन तक कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता, अन्यथा अमंगल फल मिलते हैं, क्योंकि होलिका दहन की परंपरा को सनातन धर्म को मानने वाले सभी मानते हैं। इसलिए होलाष्टक की अवधि में हिंदू संस्कृति के कुछ संस्कार और शुभ कार्यों की शुरुआत वर्जित है। लेकिन किसी के जन्म और मृत्यु के पश्चात किए जाने वाले कृत्यों की मनाही नहीं की गई है। तभी तो कई स्थानों पर धुलेंडी वाले दिन ही अन्नप्राशन संस्कार की परम्परा है। अत- प्रसूतिका सूतक निवारण, जातकर्म, अंत्येष्टि आदि संस्कारों की मनाही नहीं की गई है। देश के कई हिस्सों में होलाष्टक नहीं मानते। लोक मान्यता के अनुसार कुछ तीर्थस्थान जैसे शतरुद्रा, विपाशा, इरावती एवं पुष्कर सरोवर के अलावा बाकी सब स्थानों पर होलाष्टक का अशुभ प्रभाव नहीं होता है।

# भट्ठा मालिक को साईज से छोटी ईंटें सप्लाई करने पर देना होगा 1.80 लाख का हर्जाना

**होशियारपुर/सत्ता संदेश**

उपभोक्ता फोरम ने ईंट के साइज वाले मामले में पटियाला के भट्टे पर जुर्माना लगाया। संबंधित डिपार्टमेंट ने भी ईंटों के छोटे साइज़ के लिए भट्ठा मालिक पर जुर्माना लगाया था। एक केस में, उपभोक्ता फोरम के जज नवीन पुरी, प्रेम सिंह सांवरिया, श्रीमती हरविमल डोगरा ने पटियाला के भट्ठे के मालिक को ईंटों के छोटे साइज़ के कारण कंज्यूमर को 180,000 रुपये से ज़्यादा का हर्जाना देने का आदेश दिया है। इसके अलावा, चल रहे केस के दौरान उपभोक्ता द्वारा दी गई 10,000 रुपये कमिश्नर की फीस और 5,000 रुपये दूसरे खर्चे जो भट्ठा मालिक उपभोक्ता को देगा। जानकारी देते हुए वकील सुनील पराशर ने बताया कि उनके करीबी दोस्त राजीव कुमार, जो चब्बेवाल के रहने वाले हैं, ने पटियाला के भट्टे से बड़ी मात्रा में ईंटें खरीदी थीं। उन्होंने बताया कि जब उन्हें पता चला कि इस भट्टे की ईंटें विभाग के नियमों के अनुसार चौड़ाई और मोटाई में छोटी हैं, तो उन्होंने सबसे पहले इस संबंध में जिला



कंट्रोलर फूड, सिविल सप्लाई और कंज्यूमर अफेयर्स से शिकायत की। सूचना के अधिकार कानून के जरिए पता चलने पर विभाग ने मेसर्ज पटियाल ब्रिक्स, गांव मेहना और मेसर्ज भोले शंकर ब्रिक इंडस्ट्री, गांव बरकियां तनूर, जटपुर, जिला होशियारपुर, दोनों भट्ठों पर जाकर उनकी जांच की। दोनों में ईंटों का साइज छोटा पाया गया। संबंधित विभाग ने नरम रवैया अपनाते हुए दोनों भट्ठों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एडवोकेट सुनील पराशर ने बताया कि कंज्यूमर फोरम ने सभी दस्तावेजों की जांच की और एक लोकल कमिश्नर नियुक्त करने का फैसला किया, जिसने मौके पर जाकर ईंटों का साइज मौके पर ही चेक किया। कमिश्नर (वकील राजविंदर कौर) ने मौके पर पहुंचकर ईंटों का साइज चेक किया और रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी। कंज्यूमर कोर्ट ने पटियाल भट्ठा मालिक के वकील रोहित कुमार शर्मा की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुनाते हुए पटियाल भट्ठा मालिक को कंज्यूमर को 182136 रुपये देने का आदेश दिया, साथ ही यह भी निर्देश दिया कि वह लोकल कमिश्नर का 10,000 रुपये का खर्च भी देगा और 5,000 रुपये दूसरे कंज्यूमर को देगा। कोर्ट ने यह पूरी रकम 45 दिनों के अंदर देने के भी निर्देश दिए हैं, ऐसा न करने पर भट्ठा मालिक 6 परसेंट ब्याज के साथ पेमेंट करेगा। लेबर पार्टी के प्रधान जय गोपाल धीमान ने कहा कि हमारे लोगों को ऐसी दिक्कतों के बारे में पता नहीं है, जिसकी वजह से वे जाने-अनजाने में लूटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर देखा जाए तो यह भी एक तरह की चोरी है। सरकार को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेना चाहिए और ऐसी चल रही फैक्ट्रियों को बंद करवाना चाहिए।

## पुलिस ने कसा पंजाब में हथियारों के दुरुपयोग पर शिकंजा, गन हाउसों पर रेड

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**


मोहाली में हथियारों के दुरुपयोग को रोकने और संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान शुरू किया है। पंजाब पुलिस की टीमों ने जिले के सभी गन हाउसों पर एक साथ चेकिंग की, जिससे हथियार कारोबार से जुड़े लोगों में हलचल मच गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गन हाउस मालिकों से उन सभी ग्राहकों का पूरा रिकॉर्ड मांगा गया है, जिन्होंने पिछले समय में हथियार खरीदे या जमा कराए हैं। इस अभियान के निर्देश जिला पुलिस प्रमुख हरमनदीप सिंह ने दिए थे, जिसके बाद सब-डिवीजन स्तर पर टीमें बनाकर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान लाइसेंस, पहचान पत्र, खरीद-फरोख्त रजिस्टर और हथियारों के स्टॉक से जुड़े दस्तावेजों को बारीकी से खंगाला गया। जिले में कुल 10 गन हाउस हैं, जिनमें से कई जगहों पर निरीक्षण पूरा हो चुका है, जबकि बाकी पर कार्रवाई जारी है। एस.पी. (मुख्यालय) हरसिमरन सिंह बल ने बताया कि यह कदम संदिग्ध गतिविधियों को रोकने और हथियारों के गलत इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है।

# अब फिल्म इंडस्ट्री पर लॉरेंस गैंग की नजर! युवाओं को बनाया जा रहा निशाना

■ **पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी आई.एस.आई. के इशारों पर पंजाब का माहौल खराब करने की साजिश में जुटा**

**फिल्लौर/सत्ता संदेश**

दिल्ली क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी आई.एस.आई. के इशारों पर पंजाब का माहौल खराब करने की साजिश में जुटा हुआ है। अधिकारी के अनुसार भट्टी की नजर खास तौर पर पंजाब के युवाओं पर है और वह विशेष रूप से मुस्लिम युवकों को अपने गिरोह में शामिल करने के लिए उकसा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी अशोक सारंगल ने विशेष बातचीत में बताया कि केंद्रीय एजेंसियों को मिले इनपुट के मुताबिक हाल ही में अपने ऊपर हुए हमले में बचने के बाद भट्टी ने दुश्मनों से बदला लेने की धमकी दी है। सूत्रों के अनुसार उसका प्रमुख विरोधी साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लारैंस बिश्नोई है, जो कभी उसका करीबी माना जाता था। अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए दोनों गैंग खुद को देशभक्त बताकर युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि असल मकसद दहशत फैलाना है। जानकारी के अनुसार लॉरेंस गैंग में सैंकड़ों शूटर सक्रिय हैं। लॉरेंस के



जेल में बंद होने के बाद उसका नैटवर्क पहले उसके भाई अनमोल बिश्नोई द्वारा संभाला गया और अब गैंग की कमान हैरी बॉक्सर और उसके करीबी सहयोगियों के हाथ में बताई जा रही है।

सूत्रों का दावा है कि लॉरेंस गैंग कथित तौर पर अंडरवर्ल्ड की तर्ज पर मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में दखल बनाना चाहता है। इसी क्रम में मशहूर निर्देशक-निर्माता रोहित शैट्टी को धमकी भरे फोन किए जाने और उनके घर के बाहर फायरिंग की घटना की भी चर्चा रही। इसके अलावा अभिनेता रणबीर कपूर को भी कथित रूप से धमकी दी गई। इससे पहले अभिनेता सलमान खान को भी गैंग द्वारा धमकी मिल चुकी है। दिल्ली क्राइम ब्रांच द्वारा हाल ही में हथियारों सहित गिरफ्तार किए गए कुछ शूटरों से पूछताछ में भी खुलासा हुआ कि उन्हें मुंबई में दहशत फैलाने के इरादे से भेजे जाने की योजना थी। अधिकारी ने बताया कि भट्टी अपने गिरोह का विस्तार करने के लिए पंजाब के बेरोजगार युवाओं को निशाना बना रहा है।

उस पर पहले भी पंजाब में ग्रेनेड हमलों की जिम्मेदारी लेने के आरोप लग चुके हैं। हाल ही में एक पुलिस चौकी में हुई गोलीबारी की घटना का वीडियो भी सबसे पहले भट्टी के सोशल मीडिया अकाउंट से वायरल हुआ बताया जा रहा है। वीडियो में सुनाई देने वाली आवाज की जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय एजैंसियों ने पंजाब पुलिस को पहले ही सतर्क किया था कि पुलिस थानों, चौकियों या चैक पोस्ट पर हमले की आशंका है। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है।

# आपराधिक पृष्टभूमि वाले लोगों के लिए बनेगा भारतीय पुलिस संचार प्रणाली में बदलाव खतरे की घंटी

■ **इस प्रणाली अधीन अपराधियों और आंतकवादियों पर डिजीटल से होगा सीधा वार**

**रामपुरा फूल/सत्ता संदेश**

किसी भी देश के अंदरूनी सुरक्षा और आपदाओं से निपटने की समर्था उसके पुलिस नैटवर्क की मज़बूती पर निर्भर करती है। भारतीय पुलिस संचार प्रणाली में किए जा रहे बड़े बदलाव आपराधिक पृष्ठभूमि वालें लोगों के लिए खतरे की घंटी है। गृह मंत्रालय की 17 दिसम्बर, 2025 की एक रिपोर्ट में पुलिस नैटवर्क के आधुनिकीकरण को लेकर अहम खुलासे सामने आए हैं। इस सरकारी दस्तावेज़ की तह तक जाते हैं तो पता लगता है कि ज़मीनी स्तर पर पुलिस तंत्र को तकनीकी तौर पर कैसे लैस किया जा रहा है।

इस प्रणाली अधीन अपराधियों और आंतकवादियों पर डिजीटल से सीधा वार किया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार पुलिस के आधुनिकीकरण पर हज़ारों करोड़ रुपए खर्चे जा रहे हैं, हालांकि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-2 के तहत %पुलिस' एक राज्य का विषय है । परन्तु अदरूनी सुरक्षा के मद्देनज़र केन्द्र सरकार राज्यों को अकेला नहीं छोड़ सकती। इस लिए, अकेला नहीं छोड़ सकती।

इस लिए राज्यों और केन्द्र शासत प्रदेशों को राज्यों और केन्द्र शासत प्रदेशों को उनके पुलिस बलों को लैस करने और आधुनिक बनाने के लिए %पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को सहायता' (जिसको पहले एमपीएफ कहा जाता था) स्कीम तहत मदद दी जा रही है। इस स्कीम तहत हथियार और सूचना तकनालॉजी उपकरण, सिखलाई और उन्नत संचार उपकरण, साइबर पुलिसिंग के साथ जुड़े उपकरण केन्द्रीय सहायात के रूप में प्रदान किए जाते हैं।

ज़मीनी स्तर से लेकर सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा के समय संचार प्रणाली का फेल न होना सबसे ज़रूरी होता है। दस्तावेज़ बताता है कि भारत की पुलिस संचार प्रणाली सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा राहत संगठनों की ज़रूरतों को एक विभिन्न नैटवर्क द्वारा पूरा करती है। ज़मीन कार्रवाईयों के लिए पुलिस हाई फ्रीक्केंसी वैरी हाई फ्रीक्केंसी और अलट्रा हाई फ्रीक्केंसी रेडियो का इस्तेमाल करती है।

# अब ऑस्ट्रेलिया में लगभग 2 लाख से अधिक पंजाबी सिखों सहित 10 लाख भारतीयों के लिए खतरा

■ **न्यू-नाज़ी नेता ने प्रवासियों को देश छोड़ने को कहा**

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

आस्ट्रेलिया में रहने वाले लगभग 2 लाख से अधिक पंजाबी सिखों सहित 10 लाख भारतीयों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि वामदल नेता अदालत के बाहर सरेआम उनको देश छोड़ जाने के लिए धमकी दे रहा है। गौरतलब है कि न्यूज़ीलैंड में दिसम्बर, 2025 व जनवरी 2026 में नगर कीर्तन को रोकने वाली घटनाओं के बाद अब आस्ट्रेलिया में भी कट्टरपंथी ताकतें पंजाबियों व भारतीयों के खिलाफ सक्रिय हो गई हैं। आस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध न्यू-नाज़ी माने जाते नेता थामस सियूअल ने कल 23 फरवरी, 2026 को मैलबॉर्न की अदालत के बाहर भारतीयों व पंजाबियों के खिलाफ सरेआम भड़काऊ बयान दिया। थामस सियूअल नैशनल सोशलिस्ट नैटवर्क (एन. एस. एन.) का नेता है, आस्ट्रेलिया सरकार पहले एन. एस. एन. को ही बैन कर चुकी है। सियूअल ने कहा कि मैं आस्ट्रेलिया को तीसरी दुनिया



या भारत व सुडान जैसा देश नहीं बनने दूंगा। उन्होंने कहा कि आम आस्ट्रेलियाई लोग लाखों भारतीय प्रवासियों को यहां रहने नहीं देना चाहते। उसने वाइट रिप्लेसमैंट की जगह लेने) का आरोप लगाते प्रवास प्रक्रिया बदलने की बात भी कही। सियूअल ने यह बयान उस समय दिया जब वह एक पुरानी रैली में अपने भड़काऊ भाषण के कारण अदालत में हुई पेशी से बाहर आया था। 2025 में एंटी-इमिग्रेशन रैलियां (मार्च फॉर आस्ट्रेलिया) में उसने बड़ी भूमिका निभाई थी और उस पर एक कैम्प पर हमले के आरोप लग चुके हैं। उसका इतिहास हिंसक घटनाओं, हिटलर वाले झंडे फहराने व मीडिया पर हमलों के साथ भरा हुआ है।

## नफरत फैलाने वालों के लिए कोई स्थान नहीं

गृहमंत्री आस्ट्रेलिया सरकार ने इस बयान की कड़ी निंदा की है। आस्ट्रेलिया के गृहमंत्री टोनी बर्क ने कहा कि नफरत फैलाने वालों के लिए यहां कोई स्थान नहीं व नई हेट स्पीट के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने भारतीय भाईचारे को पूरी सुरक्षा का आश्वासन दिया। विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिंटा ऐलन ने इसको घिनौना व नाज़ी विचारधारा वाला बताया और पुलिस को पूरी छूट देने की बात की है। पंजाबी भाईचारा आस्ट्रेलिया में अपनी गुरुद्वारा संस्थाओं द्वारा सामाजिक सेवा और आर्थिक योगदान डाल रहा है। मैलबार्न व सिडनी में बड़े गुरुद्वारा सभाएं भाईचारों को एकजुट रख रही हैं। भारतीय भाईचारा इन घटनाओं से चिंतत है, परंतु आस्ट्रेलियाई सरकार का समर्थन उनमें विश्वास भी जगा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## चुनाव चिन्ह तकड़ी विवाद : चुनाव आयोग ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार किया

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**: शिरोमणि अकाली दल का चुनाव चिन्ह तकड़ी विवाद बढ़ सकता है। दो दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब से जारी हुए हुकमनामे में शिअद के लिए नई लीडरशिप को आगे लाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाकर जो भर्ती अभियान शुरू करने का आदेश जारी किया गया था, उसके बाद से ही पार्टी दोफाड़ हो गई थी। पार्टी के ज्यादातर वरिष्ठ नेता अकाली दल पुनर्सुरजीत बनाकर अलग हो गए और उन्होंने अपने आप को असल अकाली दल के रूप में पेश करते हुए निर्वाचन आयोग में एक याचिका दायर करके चुनाव चिन्ह तकड़ी की मांग की और साथ ही अपनी पार्टी का नाम अकाली दल रखने की इजाजत मांगी थी। पार्टी नेता ने पिछले साल 24 जुलाई को ज्यादातर पदाधिकारियों से हस्ताक्षर करवाकर याचिका दायर की है जिसमें संरक्षक के तौर पर सुखदेव सिंह ढींडसा के भी हस्ताक्षर हैं। सूत्रों की मानें तो चुनाव आयोग ने इस पर ऐतराज जताया कि एक जैसा नाम कैसे दिया जा सकता है। आप लोगों की नई पार्टी है तो आप कुछ अलग नाम रखो। यह भी कहा गया कि 1992 के बाद चुनाव आयोग ने पार्टियों के दोफाड़ होने पर एक जैसे नाम नहीं दिए हैं।

## जालंधर में आयोजित मां बोली पंजाबी मार्च में देश-विदेश से लोगों के इकट्ठ ने की शिरकत

**जालंधर/सत्ता संदेश** : अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को समर्पित पंजाबी जागृति मंच एवं पंजाब पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों विभाग के सलाहकार दीपक बाली द्वारा शहर भर में प्रभावशाली मां बोली पंजाबी मार्च निकाला गया। इस मौके पर देश-विदेश से लोगों के जोरदार इकट्ठ द्वारा पंजाबी भाषा एवं संस्कृति के प्रचार एवं प्रसार की दृढ़ वचनबद्धता को दोहराया गया। इस मौके पर पंजाब विधान सभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा, कैबनेट मंत्री मोहिंदर भगत, सदस्य संसद अशोक मित्तल, डिप्टी कमिश्नर डा.हिमांशु अग्रवाल एवं सीनियर आप आगू राजविंदर कौर थियाड़ा के इलावा अन्य शख्सियतों द्वारा मार्च में शिरकत की गई। हजारों की गिनती में लोग लायलपुर खालसा स्कूल, नकोदर रोड में इकट्ठे हुए जहां से यह मार्च शुरू हुआ। शहर के अलग-अलग स्थानों से होता हुआ यह मां बोली पंजाबी मार्च देश भगत यादगार हाल में पहुंचकर समाप्त हुआ। इस मौके पर लोगों के जोरदार जत्थों को संबोधन करते हुए स्पीकर कुलतार सिंह संधवा द्वारा मातृभाषा की महत्ता बारे जागरूकता फैलाने लिए दीपक बाली द्वारा किए गए संजीदा प्रयास की प्रशंसा की गई।

## बठिंडा के जंडांवाला गांव के 70 परिवार भाजपा की किश्ती में हुए सवार

**बठिंडा/सत्ता संदेश** : गांव जंडांवाला में भाजपा के भुच्चो निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी और जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा के प्रयास से 70 परिवारों ने अकाली दल छोड़कर भाजपा की किश्ती में सवार हो गये। इस अवसर पर गांव जंडांवाला में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सरूप चंद सिंगला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। पंजाब में डबल इंजन की भाजपा सरकार समय की आवश्यकता है, जिससे राज्य से नशे और गैंगस्टरों का खात्मा कर शांति, कानून-व्यवस्था और भाईचारे को मजबूत किया जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार वादे पूरे नहीं कर पाई। इस मौके पर भुच्चो मंडी के प्रभारी बलदेव सिंह ने कहा कि समाजसेवी रमणदीप सिंह साथियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। इस अवसर पर जिला महासचिव जतिंदर गोगी, सर्कल अध्यक्ष जसवंत सिंह मान और गुरमेल सिंह खेमुआना उपस्थित थे।

## 14 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मोगा में करेंगे बदलाव रैली को संबोधित

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 मार्च को पंजाब के मोगा में बदलाव रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा की पंजाब इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने यह जानकारी दी। चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शर्मा ने कहा कि पंजाब में हर कोई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य में एक विकल्प के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब की जनता की सेवा करने, राज्य को विकास के पथ पर ले जाने, इसे नशे की समस्या से मुक्त कराने, किसानों के जीवन में बदलाव लाने और भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रैली को पंजाब में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जहां 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर हमला करते हुए शर्मा ने आरोप लगाया कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। पंजाब में हाल में हुई जबरन वसूली एवं गोलीबारी की हिंसक घटनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। शर्मा ने आरोप लगाया कि राज्य में मादक पदार्थ, अवैध खनन और भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

# पंजाब के शहरों में होटलों में बड़े स्तर पर चल रहे हैं सैक्स रैकेट

## होटलों में कमरे देने वाले माफिया द्वारा रंग रंगलिया मनाने आने वाले जोड़ों से वसूली जा रही है मोटी रकमें

**जलालाबाद/सत्ता संदेश**

पंजाब भर के शहरों में होटलों में चल रहे जिस्मों के गैर-कानूनी अड्डे युवा पीढ़ी को सेक्स रैकेट की ओर धकेल रहे हैं। जलालाबाद शहर की बात की जाए तो शहर में आधा दर्जन के करीब होटल सियासी लोगों की शह पर चल रहे है। जहां होटलों के नाम पर सेक्स रैकेट बड़े स्तर पर चल रहे हैं। वहीं कुछ महिलाओं द्वारा शडर की सल्म बस्तियों में भी घरों के अंदर जिस्मफरोशी का धंधा करवाया जा रहा है। थाना सिटी जलालाबाद की पुलिस शहर के अंदर होटलों के नाम पर चल रहे अड्डों से बेखबर साबित हो रही है। ज्यादातर होटल शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में खुले हैं, जहां बड़े पैमाने पर नाबालिग



लड़कियां और लड़के दिनभर होटलों की सीढ़ियां चढ़ते नजर आते हैं। दूसरी तरफ, लोगों का कहना है कि जलालाबाद सिटी थाने की पुलिस इन गैर-कानूनी सेक्स रैकेट माफिया से लाखों रुपये महीने की रिश्वत वसूल रही है और इसी वजह से लोगों की शिकायतों के बावजूद पुलिस होटलों को बंद कराने या रेड करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है, जिससे साबित होता है कि जलालाबाद पुलिस सीधे तौर पर होटल मालिकों का साथ दे रही है। इन होटलों में पुलिस वाले शहर में आने वाले अफसरों के लिए खाने-पीने का प्रबंध करने के लिए कहते हैं। जलालाबाद के लोगों ने पंजाब पुलिस के बड़े अधिकारियों से मांग की है कि शहर में होटलों के नाम पर चल रहे सेक्स रैकेट के गैर-कानूनी अड्डों को बंद कराया जाए ताकि हमारी युवा पीढ़ी गलत रास्ते को जान सके और उससे बच सके। शहर में स्थित होटलों में कमरे देने वाले माफिया द्वारा रंग रंगलिया मनाने आने वाले जोड़ों से मनमाना पैसा वसूल किया जाता है। नाबालिग और स्कूल यूनिफॉर्म पहने कस्टमर्स से मोटी रकम ली जाती है और उनकी कोई रजिस्ट्रेशन एंट्री नहीं की जाती।

## एस.एस.पी. फाजिल्का ने पल्ला झाड़ा

जब पत्रकार ने फाजिल्का जिले के एस.एस.पी. गुरमीत सिंह से बात की और शहर के होटलों में चल रहे गैर-कानूनी धंधे के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि जानकारी मिलने पर उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा था कि गैर-कानूनी काम करने वाले लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हैरानी की बात यह है कि 2 दिन बाद भी थाना सिटी जलालाबाद की पुलिस चैन की नींद सो रही है और यह गैर-कानूनी धंधा जारी है। अब देखना यह है कि एस.एस.पी. फाजिल्का गैर-कानूनी काम करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हैं या भविष्य में भी शहर के होटलों में गैर-कानूनी धंधे चलते रहेंगे।

# सीएम मान ने केजरीवाल-सिसोदिया के बरी होने पर मोदी सरकार को घेरा

■ **कहा, सत्य की हमेशा जीत होती है**

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में अदालत द्वारा बरी किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल और सिसोदिया को बरी कर दिया तथा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी. बी. आई.) द्वारा दाखिल आरोपपत्र का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। इन दोनों नेताओं के अलावा इस मामले में 21 अन्य लोगों को भी बरी कर दिया गया। मुख्यमंत्री मान ने %एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। दिल्ली की माननीय



अदालत ने शराब घोटाले के मामले में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बरी कर दिया है। माननीय अदालत के इस फैसले से सच्चाई सामने आ गई है। समय के साथ अन्य सभी मामलों में भी सच्चाई सामने आ जाएगी। आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने दिल्ली की अदालत के फैसले का स्वागत किया।

# क्या था दिल्ली शराब घोटाला 'आप' का आरोप : बीजेपी द्वारा रची गई एक राजनीतिक साजिश थी

दिल्ली शराब घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की नई आबकारी नीति से जुड़ा एक बहुचर्चित राजनीतिक और कानूनी विवाद है। इस मामले को लेकर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर कई गंभीर आरोप लगे थे, जिसके कारण कई नेताओं को जेल भी जाना पड़ा। हाल ही में (फरवरी 2026) इस मामले में अदालत का एक बहुत ब । फैसला आया है।

**यहाँ इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी गई है :**

**केंद्रीय जांच एजेंसियों : सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार और आप नेताओं पर निम्नलिखित आरोप लगाए थे** :

**शराब कारोबारियों को फायदा** : आरोप था कि नई शराब नीति जानबूझकर इस तरह बनाई गई थी जिससे कुछ निजी शराब कंपनियों और थोक विक्रेताओं (जिन्हें जांच एजेंसियों ने साउथ ग्रुप कहा) को अनुचित आर्थिक लाभ हो।

**रिश्वत का लेन-देन** : एजेंसियों का दावा था कि नीति में बदलाव के बदले में साउथ ग्रुप द्वारा आप नेताओं को कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी गई।चुनावों में पैसे का इस्तेमाल- श्ष्ठ ने आरोप लगाया कि इस रिश्वत के पैसे का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनावों के प्रचार में किया। अरविंद केजरीवाल को इस पूरी साजिश का मुख्य सूत्रधार) बताया गया था।

**नेताओं की गिरफ्तारी**

**इन आरोपों के आधार पर कई हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारियां हुईं :**

**मनीष सिसोदिया** : दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री को फरवरी 2023 में गिरफ्तार किया गया था।

**अरविंद केजरीवाल** : तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मार्च 2024 में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया।

**अन्य** : तेलंगाना के बीआरएस दल की नेता के. कविता और कई शराब कारोबारियों को भी अरेस्ट किया गया। (बाद में 2024 के अंत तक सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल और सिसोदिया को जमानत मिल गई थी)।

वर्तमान स्थिति (फरवरी 2026 का सबसे नया अपडेट)

**इस मामले में 27 फरवरी 2026 को एक बहुत बड़ा कानूनी मोड़ आया:**

सभी आरोपी बरी दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य सभी 23 आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया है।

**अदालत की टिप्पणी** : जज ने अपने फैसले में कहा कि इस नीति में कोई आपराधिक साजिश नहीं थी। अदालत ने सीबीआई को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि उनकी चार्जशीट में कोई ठोस सबूत नहीं था और पूरा मामला केवल अटकलों और सरकारी गवाहों के बयानों पर आधारित था।

**सीबीआई की अपील** : राउज एवेन्यू कोर्ट के इस फैसले के तुरंत बाद, सीबीआई ने इसे दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

**राजनीतिक प्रतिक्रियाएँ** :

**इस मामले को लेकर दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के विचार बिल्कुल अलग हैं :**

**आम आदमी पार्टी** : अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने इसे सच्चाई की जीत बताया है। उनका आरोप है कि यह घोटाला कभी हुआ ही नहीं था, बल्कि यह आप को खत्म करने और नेताओं को जेल में डालने के लिए केंद्र सरकार द्वारा रची गई एक राजनीतिक साजिश थी।

**भारतीय जनता पार्टी** : भाजपा का तर्क है कि अदालत ने आरोपियों को केवल सबूतों के अभाव में बरी किया है। उनका आरोप है कि आरोपियों ने जांच से बचने के लिए कई फोन और अहम सबूत नष्ट कर दिए थे।